Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ● Monday, 24 February 2025 ● Year : 03 ● Issue : 42 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

चाहे आप कितने भी पवित्र शब्द पढ़ लें, चाहे आप कितना भी बोल लें। अगर आप उन पर अमल नहीं करेंगे तो उनसे आपको क्या लाभ होगा।

–महात्मा बुद्ध

Nargis Fakhri Marries Boyfreind...

टीम इंडिया ने 242 रन के टारगेट को चेज कर 42.3 ओवर में किया पूरा, रोहित ने भी बतौर ओपनर पूरे किए 9 हजार रन

चैंपियंस ट्रॉफी : भारत ने पाकिस्तान को चटाई धूल, 6 विकेट से रौंदा

AGENCY NEW DELHI :

रविवार को भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे मैच में पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने 2017 के चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में मिली 180 रन की हार का हिसाब बराबर कर दिया। पाकिस्तान ने 241 रन बनाए। भारत ने 42.3 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। भारत से विराट कोहली ने नाबाद 100, श्रेयस अय्यर ने 56 और शुभमन गिल ने 46 रन बनाए। कुलदीप यादव को 3 और हार्दिक पंड्या को 2 विकेट मिले। पाकिस्तान से सऊद शकील ने 62 और मोहम्मद रिजवान ने 46 रन बनाए। अबरार अहमद और शाहीन शाह अफरीदी को 1-1 विकेट मिला।

2017 के फाइनल में मिली 180 रनों की हार का हिसाब कर दिया बराबर

विराट कोहली ने नाबाद 100, श्रेयस अय्यर ने 56 और शुभमन गिल ने बनाए 46 रन

रोहित सूची में शामिल होने वाले छठे सलामी बल्लेबाज

रोहित से पहले पूर्व भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर (15310 रन), श्रीलंका के सनथ जयसूर्या (12740), वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल (10179), ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट (9200) और पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली (9146) इस एलीट सूची में शामिल हैं। रोहित ने भले ही यह उपलब्धि हासिल कर ली, लेकिन वह इस मैच में ज्यादा रन नहीं बना सके। भारत को पांचवें ओवर में 31 के स्कोर पर पहला झटका लगा।

कोहली बने वनडे क्रिकेट में सबसे तेजी से 14 हजार रन पूरे करने वाले बल्लेबाज

रविवार को भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मुकाबले के दौरान इतिहास रच दिया। वह सचिन तेंदुलकर के पिछले रिकॉर्ड को तोड़कर वनडे क्रिकेट में सबसे तेजी से 14 हजार रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए। कोहली अब एक दिवसीय क्रिकेट में 14000 से अधिक रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं। भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर (18246) और श्रीलंका के कुमार संगकारा (14234) उनसे आगे हैं। कोहली ने 287 पारियों में 14000 रन पूरे किए, जबकि तेंदुलकर ने 350 और संगकारा ने 378 पारियों में इस आंकड़े को छुआ था। कोहली और तेंदुलकर दोनों ने पाकिस्तान के खिलाफ ही 14000वां रन बनाया। कोहली को इस आंकड़े तक पहुंचने के लिए 15 रन की जरूरत थी और हारिस रऊफ को 13वें ओवर में कवर्स में चौका जड़कर वह यहां तक पहुंचे। उन्होंने सितंबर 2023 में पाकिस्तान के ही खिलाफ कोलंबो में एशिया कप के दौरान 13000 वनडे रन पूरे किए थे। कोहली के नाम वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक 50 शतकों का रिकॉर्ड भी है। उन्होंने 2023 विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई में तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा था। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ इस मैच में वनडे क्रिकेट में किसी भारतीय क्षेत्ररक्षक के सर्वाधिक कैच का मोहम्मद अजहरुद्दीन का रिकॉर्ड भी तोड़ा।

SARAFA

सोना	:	6,795
चांदी	:	98.05

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

ट्रंप बोले- हम यूक्रेन से अपना पैसा वापस लेंगे

NEW DELHI : रूस-यूक्रेन युद्ध के तीन साल पूरे होने से दो दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को युद्ध के लिए दिया गया पैसा वापस मांगा है। ट्रंप ने कहा, मैं सिर्फ पैसा या उसके बदले कुछ सिक्योरिटी पाने की कोशिश कर रहा हूं।' उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि हमारी पैसों की मदद के बदलें वे लोग हमें कुछ दें। हम रेअर अर्थ मिनरल और तेल मांग रहे हैं। इसमें से जो भी वे हमें दे सकें। ट्रंप ने दावा किया कि हम अपना पैसा वापस लेकर रहेंगे। मुझे लगता है कि हम कोई डील करने के बेहद करीब हैं। हमें जल्द से जल्द इस डील को फाइल करना होगा क्योंकि ये बहुत ही खराब स्थिति रही है। इस डील के तहत अमेरिका ने यूक्रेन से ग्रेफाइट, लिथियम और यूरेनियम समेत सारे खनिज भंडारों में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी की मांग रखी है। ट्रम्प की इस मांग को यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की कई बार ठुकरा चुके हैं। इससे पहले ट्रंप ने कहा था 500 बिलियन डॉलर के रेयर अर्थ मटेरियल (दुर्लभ खनिज) अमेरिका को देने होंगे। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी मदद के बिना यूक्रेन कमजोर पड़ जाएगा।

अपील पर समर्पित किए गए हथियार-विस्फोटक

IMPHAL : मणिपुर के राज्यपाल की अपील के बाद जिला पुलिस, असम राइफल्स और सीआरपीएफ द्वारा किए गए जन-जागरूकता प्रयासों के तहत चुराचांदपुर और इंफाल ईस्ट जिलों में लोगों ने लगातार दूसरे दिन स्वेच्छा से हथियार और गोला-बारूद समर्पित किए। पुलिस ने रविवार को बताया कि चुराचांदपुर जिले में कुल 16 हथियार और गोला-बारूद समर्पित किए गए, जिनमें 01 एम-16 राइफल, 01 सात .62 मिमी एसएलआर राइफल, 02 एके-47 राइफल, 03 इंसास राइफल, 02 एम-79 अंडर बैरल ग्रेनेड लांचर, 01 नौ एमएम कार्बाइन मशीन गन, 01 पचपन एमएम मोर्टार, 03 .303 राइफल, 02 सिंगल बैरल राइफल, 64 जिलेटिन स्टिक्स, 10 राउंड 60 मिमी पंपी गोला-बारूद, 17 राउंड एके गोला-बारूद, 40 राउंड 5.56 मिमी राइफल गोला-बारूद और 03 राउंड 9 एमएम कैलिबर गोला-बारूद शामिल हैं।

तेलंगाना हादसा : गुमला के चार मजदूरों सहित फंसे हैं 8 स्टाफ

टनल के अंदर आवाज लगाने के बाद नहीं मिला कोई रिस्पांस

HYDERABAD @ PTI :

तेलंगाना के नागरकुर्नूल जिले में शनिवार को निमार्णाधीन टनल (सुरंग) की छत का एक हिस्सा ढह जाने से करीब 14 किलोमीटर अंदर जिस जगह आठ लोग फंस गए थे, बचाव दल के कर्मी उनेके नजदीक पहुंच गए हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। नागरकुरनूल के जिला कलेक्टर बी. संतोष ने रविवार को बताया कि आगे बढ़ते हुए बचाव दल के कर्मी उस स्थान पर पहुंच गए जहां घटना के दौरान सुरंग खोदने वाली मशीन (टीबीएम) काम कर रही थी। उन्होंने कहा कि हालांकि, गाद के कारण आगे बढ़ना एक चुनौती है। बचाव अभियान की निगरानी कर रहे कलेक्टर ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की चार टीमें - एक हैदराबाद से और तीन विजयवाड़ा से - जिनमें 138 सदस्य हैं, सेना के 24 कर्मी, एससीसीएल के 23 सदस्य एसडीआरएफ के कर्मी, उपकरणों के साथ बचाव अभियान में लगे हुए हैं।

रेस्क्यू ऑपरेशन जारी, पानी-कीचड़ निकालने के लिए लगाया गया हेवी पंप

- सुरंग में 14 किलोमीटर अंदर फंसे हुए लोगों के करीब पहुंचे बचाव दल के सदस्य
- एनडीआरएफ की चार टीमें, सेना के 24 और एसडीआरएफ के कर्मी कर रहे काम
- बेहतर तरीके से उपलब्ध करा दी गई है ऑक्सीजन और बिजली की आपूर्ति

सीएम हेमंत ने सुरक्षित रेस्क्यू का किया आग्रह

हादसे के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री से श्रमिकों की सुरक्षित रेस्क्यू के लिए आग्रह किया है। वहीं बताया गया है कि श्रमिकों के संबंध में पुख्ता जानकारी और उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने मरांग बुरु से हादसे में फंसे सभी श्रमिकों के सुरक्षित होने की कामना की है। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष द्वारा तेलंगाना सरकार से संपर्क कर श्रमिकों की कुशलता को लेकर जानकारी प्राप्त की जा रही है। सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद जिला प्रशासन गुमला मजदूरों के घर तक पहुंचा।

अलग-अलग समय में काम करते थे गुमला के मजदूर

टनल में फंसे 8 लोगों में 4 मजदूर झारखंड के गुमला जिले के रहने वाले हैं। इनके नाम संतोष साहू, अनुज साहू, जगता खेस और संदीप साहू है। सभी वहां मजदूरी करते थे। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार गुमला के सभी मजदूर अलग-अलग समय में टनल में काम करने पहुंचे थे। इन्होंने श्रम विभाग के प्रवासी मजदूर पोर्टल में रजिस्ट्रेशन कराया है या नहीं इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। गुमला के फंसे मजदूरों की जारी लिस्ट के मुताबिक संदीप साहू और अनुज साहू 2023 में काम करने गए थे। जगता खेस 2021 से काम कर रहा है। संतोष साहू 2022 में काम करने गया था।

मुख्यमंत्री ने सत्तापक्ष के विधायकों के साथ बजट सत्र को लेकर किया मंथन

PHOTON NEWS RANCHI :

रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक हुई। इसमें 24 फरवरी से 27 मार्च तक आहूत छठे झारखंड विधानसभा के द्वितीय (बजट) सत्र के मद्देनजर रणनीति निर्धारण को लेकर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि विपक्ष के हर सवाल का जवाब हम देंगे। इस दौरान झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के. राजू भी मौजूद रहे। बैठक के बाद राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने जानकारी बताया कि सोमवार से विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो रहा है। इसको लेकर हमने चर्चा की। सदन को बेहतर ढंग से चलाने की तैयारी हमने कर ली है। उन्होंने कहा बजट को लेकर बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। इसमें ये निर्णय लिया गया है कि विपक्ष द्वारा जो भी मुद्दे सदन में उठाए जाएंगे, उनका सार्थक और संतोषजनक उत्तर दिया जाएगा। सत्तापक्ष के सभी विधायकों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि जो भी सवाल विपक्ष उठाएगा, उसका जवाब सही तरीके से देंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के अनुदान का भी मुद्दा होगा। सत्ता पक्ष के विधायक जो भी इस बारे में बोलना चाहते हैं, वे अपनी तैयार कर लें।

- आज से शुरू हो रहा झारखंड विधानसभा का बजट सेशन
- वित्त मंत्री बोले- विपक्ष के हर सवाल का जवाब देने के लिए सरकार तैयार
- सदन को बेहतर ढंग से चलाने की है तैयारी
- 3 मार्च को वित्तीय वर्ष 2025-26 का पेश किया जाएगा बजट

जैक बोर्ड एग्जाम : कोडरमा पुलिस ने सात विद्यार्थियों से की पूछताछ

पेपर लीक मामले में गिरिडीह में हुई छापेमारी

PHOTON NEWS GIRIDIH :

शनिवार को भी झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के मैट्रिक एग्जाम के साइंस और हिंदी के पेपर लीक मामले में कार्रवाई जारी रही। कोडरमा पुलिस ने गिरिडीह में छापेमारी की। गिरिडीह पुलिस के सहयोग से कोडरमा पुलिस ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिहोडीह में संचालित एक कोचिंग सेंटर में दबिश दी। पुलिस कोचिंग सेंटर के साथ विद्यार्थियों को हिरासत में लेकर थाना लाई है। सातों से थाने में पूछताछ की गई। पूछताछ में कोडरमा और गिरिडीह के पुलिस अधिकारी शामिल थे। बता दें कि साइंस और हिंदी विषय का प्रश्नपत्र परीक्षा के पहले ही सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जब परीक्षा हुई तो वायरल प्रश्न पत्र का मिलान किया गया था। इसमें प्रश्नपत्र हूबहू निकला था। इसके बाद उक्त दोनों विषय की परीक्षा को रद्द करते हुए जांच कमेटी गठित की गई थी।

सिहोडीह में संचालित एक कोचिंग सेंटर में दी गई दबिश

जांच के लिए गिरिडीह-कोडरमा में बनी टीम

इस मामले की जांच के लिए गिरिडीह और कोडरमा जिले में अलग-अलग टीम बनाई गई है। जांच के दौरान कोडरमा पुलिस दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। गिरिडीह के छात्रों के सोशल मीडिया अकाउंट को भी खंगाला जा रहा है। पूछताछ के बाद पुलिस आगे की रणनीति पर काम करेगी।

डिजिटल एविडेंस बरामद, किसी को बख्शा नहीं जाएगा : डीजीपी

झारखंड में मैट्रिक परीक्षा के पेपर लीक मामले में झारखंड पुलिस को कई अहम जानकारियां मिली हैं, कई अहम डिजिटल एविडेंस बरामद हुए हैं, जिसके आधार पर छापेमारी की जा रही है। साथ ही पेपर लीक गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी की जा रही है। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने साफ कर दिया है कि मामले में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। डीजीपी

रूस का यूक्रेन पर 267 ड्रोन से हमला

NEW DELHI : रूस ने यूक्रेन पर एक साथ 267 ड्रोनों से हमला किया। यह हमला यूक्रेन जंग के तीन साल पूरे होने से ठीक एक दिन पहले किया गया है। यूक्रेन के एयर फोर्स कमांड के प्रवक्ता यूरी इग्नात ने कहा कि यह पहली बार है जब रूस ने एक साथ इतने ड्रोन दागे हैं। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक खार्किव, पोल्तावा, सुमी, कीव समेत कम से कम 13 शहरों में ड्रोन हमला किया गया। यूक्रेनी सेना ने दावा किया कि रूस ने 3 बैलिस्टिक मिसाइलें भी दागी हैं। इस हमले में कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। इमरजेंसी सर्विस के मुताबिक अब तक इसमें 3 लोग घायल हुए हैं। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक खेरसॉन में दो लोग मारे गए हैं। हालांकि अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। इसके अलावा क्रीवी रीह में भी एक शख्स की मौत हुई है। क्रीवी रीह एक इंडस्ट्रियल सिटी है जहां यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की पैदा हुए थे। इसके जवाब में यूक्रेन ने भी रूस पर हमला किया है। रूस की डिफेंस मिनिस्ट्री ने रविवार को कहा कि यूक्रेन ने 20 ड्रोनों से हमला किया। लेकिन उन्होंने सभी ड्रोन को मार गिराया है।

- जंग के 3 साल पूरे होने पर कीव समेत 13 शहरों पर अटैक
- यूक्रेन का जवाबी हमला नाकाम

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना व जैक पेपर लीक मामले पर सरकार को घेरेगी भाजपा

रविवार को भारतीय जनता पार्टी ने बजट सत्र को लेकर अपनी तैयारी पूरी कर ली है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज प्रदेश कार्यालय में भाजपा विधायक दल की बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र ने भी भाग लिया। पार्टी ने प्रदेश सरकार को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना और जैक पेपर लीक मामले पर घेरने की रणनीति तैयार की है। इन मुद्दों को लेकर भाजपा सरकार को सदन में घेरने योजना बना रही है।

न्यू स्ट्रेटजी दुश्मनों की हर चाल का जवाब देने के लिए किया जा रहा पुख्ता इंतजाम

इंडियन आर्मी ने तैयार किया एयर डिफेंस की मजबूती का रोडमैप

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK :

पिछले कई वर्षों से इंडियन आर्मी विभिन्न स्तरों पर आधुनिक तकनीक और स्वदेशी मॉडल को विकसित करने पर लगातार काम कर रही है। सीमा पर उत्पन्न स्थिति के मद्देनजर सभी परिस्थितियों से मुकाबला करने के लिए नई स्ट्रेटजी पर गंभीरता से काम हो रहा है। इसका परिणाम है कि भारतीय सेना ने अपनी रक्षा प्रणाली को हर तरह से मजबूत बना लिया है। आगे नई परिस्थितियों के लिए और सक्षम बनाने पर लगातार काम को आगे बढ़ाया जा रहा है। यह अपडेट जानकारी मिली है कि सेना ने हाल के संघर्षों में ड्रोन और अन्य विध्वंसकारी टेक्नोलॉजी के प्रभाव को देखते हुए अपनी एयर डिफेंस क्षमताओं को और सशक्त बनाने के लिए एक नया रोडमैप तैयार किया है। सेना अब अपने पुराने प्लेटफार्मों को बदलने, नए विखंडन गोला-बारूद का प्रयोग करने तथा अधिक शक्तिशाली रडार तैनात करने की स्क्रीन पर काम कर रही है। इस कदम से भारतीय सेना की वायु रक्षा क्षमता और भी मजबूत की जाएगा।

भारतीय सेना की वायु क्षमता प्रणाली में स्वदेशी रूप से आ रहा गुणात्मक नयापन

जुलाई में किया जा सकता है स्वदेशी उत्तराधिकारी प्लेटफार्म का पहला परीक्षण

- ड्रोन से लेकर मिसाइल तक में नई रणनीति पर तेजी से बढ़ रहा काम
- पुराने प्लेटफार्म के मॉडल को किया जाएगा चेंज, गोला-बारूद का बदलेगा रख-रखाव

भारतीय सेना की नई रणनीति, फिर से लोकप्रिय हो रहा बंदूकों का इस्तेमाल

- शक्तिशाली रडार प्रणाली विकसित करने के लिए नई तकनीक का होगा इस्तेमाल
- 4-5 महीनों में क्विक रिएक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल प्रणाली के लिए अनुबंध संभव

सफलतापूर्वक किए गए तीन परीक्षण

गौरतलब है कि सितंबर 2022 में रक्षा मंत्रालय ने बयान दिया था कि डीआरडीओ और भारतीय सेना ने ओडिशा के चांदीपुर से दूर क्यूआरएसएएम प्रणाली की छह उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किए थे। बता दें कि डीआरडीओ ने हाल ही में बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली के तीन सफल उड़ान परीक्षण किए हैं। यह प्रणाली खास तौर पर कम ऊंचाई पर उड़ने वाले लक्ष्यों के खिलाफ प्रभावी है।

गिरिडीह में फिर मिली योजना में गड़बड़ी

मंईयां सम्मान : 1840 आवेदन पाए गए फर्जी

PHOTON NEWS GIRIDIH :

दिसंबर 2024 के बाद मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि लाभुकों को अब तक नहीं मिली है। बताया जा रहा है कि आवेदनों का वेरिफिकेशन हो रहा है। वेरिफिकेशन का काम पूरा होने के बाद अगले माह एक साथ लाभुकों के खाते में जनवरी, फरवरी और मार्च महीने की संयुक्त 7500 की राशि ट्रांसफर की जाएगी। इस बीच गिरिडीह जिले में इस योजना के तहत आए आवेदनों में बड़ी हेराफेरी का मामला सामने आया है। बता दें कि अब तक गिरिडीह प्रखंड में इस योजना के तहत कुल 42,700 आवेदन प्राप्त हुए थे।

- कई ऐसे आवेदन, जिनमें अलग-अलग नाम हैं, लेकिन बैंक खाता एक ही
- करीब 200 महिलाओं के आवेदनों में पुरुषों के बैंक खाता नंबर दर्ज
- मार्च में लाभुकों के खाते में एक साथ तीन महीने की राशि हो सकती है ट्रांसफर

BRIEF NEWS

धोरा समुदाय को पहचान दे राज्य सरकार, उठी मांग

JAMSHEDPUR : गालूडीह बराज में रविवार को धरा, धारा, धोरा (धीवर) समाज उत्थान संग्राम समिति, झारखंड प्रदेश द्वारा वनभोज सह मिलन समारोह किया गया। इसमें जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी मुख्य अतिथि थे। समारोह में समाज के उत्थान और विकास पर व्यापक चर्चा हुई। विधायक ने कहा कि हमें अपने समाज के उत्थान और विकास के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए। इस अवसर पर समाज के सदस्यों ने अपने सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसके साथ ही समाज के लोगों ने सवाल उठाया कि धरा समुदाय की पहचान खतरे में है। न तो यह एसटी में है, ना एससी, ओबीसी या जेनरल कैटेगरी में है। झारखंड सरकार से मांग है कि वह इस समाज को पहचान दिलाए। आयोजकों ने कहा कि यह समारोह हमारे समाज के सदस्यों को एकजुट करने और हमारे सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को प्रदर्शित करने का एक अवसर है।

सिट एंड ड्रॉ के विजेता हुए पुरस्कृत

JAMSHEDPUR : टैगोर सोसाइटी द्वारा 19 जनवरी को सिट एंड ड्रॉ का आयोजन किया था। इसके विजेता रविवार को पुरस्कृत किए गए। आयोजित किया गया। संस्था के महासचिव आशीष चौधरी ने कहा कि इस प्रतियोगिता में शहर के 653 प्रतिभागी भाग लिए थे, जिसमें 100 से अधिक सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि टैगोर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. एचएस पॉल थे।

टाटा-राउरकेला-टाटा मेमू आज से 3 दिन रद्द

JAMSHEDPUR : चक्रधरपुर रेल मंडल में विकासात्मक कार्यों के कारण टाटानगर से चलने वाली चार ट्रेनें रद्द रहेंगी। रेलवे के सर्कुलर के मुताबिक ट्रेन नंबर- 68043/68044 टाटानगर-राउरकेला-टाटानगर मेमू 24 से 26 फरवरी तक तीन दिन रद्द रहेगी। वहीं ट्रेन नंबर-18113/18114 टाटानगर-बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस 25 और 26 फरवरी को अप-डाउन दोनों ओर से रद्द रहेगी। ऐसे में पूर्व से टिकट कराए यात्रियों को परेशानी का सामना करना होगा।

जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष बने विजय

KHUNTI : खूंटी जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन का गठन रविवार को झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष और चुनाव के पर्यवेक्षक राजीव वर्मा की उपस्थिति में किया गया। आरसी बालक मध्य विद्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता फादर बेनेडिक्ट बारला ने की। बैठक में खिलाड़ियों के अतिरिक्त काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन में अध्यक्ष विजय कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण मोहन कुमार, सचिव रोहित राज, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार महतो सदस्य शिव बैठा, मानती कुमारी अंकित कुमारी, शंकर लाल हेमंत धन, अमर बरला, फ्रांसिस जेवियर बोदरा, गॉडविन टोपनो को बनाया गया है। यह जानकारी बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव रोहित राज ने दी।

भगवान बिरसा के गांव में हुई सरना धर्म प्रार्थना सभा

KHUNTI : सरना धर्म सोतोः समिति, शाखा उलिहातु के तत्वावधान में रविवार को स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई। धर्मगुरु जेठा पहान, सुखराम मुंडा, गोल्गा मुंडा और सनिका मुंडा की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिङबोंगा का पूजा-पाठ कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गई। मौके पर पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अथिति के रूप में धर्मगुरु बगरय मुंडा और विशिष्ट अथिति के तौर पर बुधराम सिंह मुंडा मौजूद थे।

गिरिडीह में मिनी माउजर फैक्ट्री का खुलासा, छह हुए गिरफ्तार

AGENCY GIRIDIH : गिरिडीह पुलिस ने रविवार को जिले में मिनी माउजर फैक्ट्री का खुलासा करते हुए छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटनास्थल से लगभग 31 पीस अर्धनिर्मित माउजर के बट के साथ कई अन्य समान जब्त किया है।

जिले के जमुआ थाना इलाके के चपरयामो गांव में मिली बड़ी सफलता के बाद एसपी डॉक्टर विमल कुमार, एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद, एटीएस के डीएसपी विनोद रजवार समेत चार थानों के थाना प्रभारी ने संयुक्त प्रेसवार्ता कर बताया कि जमुआ थाना इलाके के चपरयामो गांव में मोहम्मद दयसुद्दीन अपने घर पर इस मिनी माउजर फैक्ट्री का का संचालन कर रहा था। गुप्त सूचना पर एसडीपीओ के नेतृत्व में एटीएस और बंगाल एसटीफ के अलावा

चार थानों की पुलिस ने छापेमारी कर बड़े पैमाने पर मिनी माउजर बनाने के समान जब्त किया है। बताया गया कि जब्त सामानों मै दो मशीन है जो किसी एसआर ट्रेडिंग से खरीदा गयी है। एक लेथ मशीन , ड्रिल मशीन , 15 केवीए का आयशर कंपनी का डीजी जनरेटर और 31 अर्धनिर्मित माउजर के लोहे को तैयार बट के साथ, गोली लोड करने वाले लोहे का 10 पीस पिछला हिस्सा, छह पीस लोहे का टुकड़ा, 31 पीस लोहे की पट्टी सहित एक बाइक बरामद हुई है। इसके अलावा 17 हजार नगद रुपये ,एक मोबाइल जब्त किया गया है।

एसपी ने बताया कि दयसुद्दीन अपने घर में मिनी माउजर पिस्टल फैक्ट्री का संचालन करने के साथ सहयोगियों के सहयोग से तैयार पिस्टल बिहार, झारखंड और बंगाल में सप्लाई करता था।जिसकी किमत लाखो में है। गिरफ्तार अपराधियो में दयासुद्दीन के साथ बिहार के मुंगेर के मोहम्मद इमरान, मोहम्मद सोनू, मोहम्मद शकील, मोहम्मद अफरोज और मुंगेर रामनगर थाना इलाके के सफियाबाद निवासी रूपेश शर्मा शामिल हैं।

एसपी ने बताया कि मोहम्मद सोनू, मोहम्मद इमरान के खिलाफ बिहार के खुसरूपुर थाना में पहले से आर्म्स एक्ट का केस दर्ज है। मोहम्मद सोनू के खिलाफ भी आर्म्स एक्ट का केस इसी थाने में दर्ज है। अफरोज के खिलाफ बांका में आर्म्स एक्ट का केस दर्ज है।

आपसी समझौता से 11 पारिवारिक वादों का हुआ निपटारा

DUMKA : महिला कोषांग की बैठक में आपसी सुलह-समझौता से कुल 11 पारिवारिक विवादों में रविवार को समझौता हुआ। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अनुपमा सोरेंग ने की। इस अवसर पर मुख्य रूप से एसडीपीओ विजय कुमार महतो उपस्थित थे। कोषांग सदस्यों ने जिले के गोपीकांदर थाना क्षेत्र के कारीपहाड़ी गांव निवासी प्रितिलता मरांडी क्षौर शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के चितागड़िया गांव निवासी उसके पति रसका टुडू के बीच आपसी सुलह-समझौता कराया गया।

रेलवे साइडिंग निर्माण के विरोध में ग्रामीणों ने दिया सांकेतिक धरना

CHATRA : सीसीएल की आम्रपाली परियोजना के लिए रेलवे साइडिंग और रेल लाइन निर्माण के विरोध में ग्रामीणों ने टंडवा के सेरनदाग बाजार टांड में रविवार को एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया। इसकी अध्यक्षता गणेश उर्फ ललित साव और संचालन मनोज साहू ने की। धरना से पूर्व सेरनदाग के ग्रामीणों ने रैली निकाल कर रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने फर्जी ग्राम सभा के जरिए अनापत्ति प्रमाण पत्र मामले का तीखा विरोध किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आयोजित धरने में ग्रामीणों ने साइडिंग और रेल निर्माण के विरोध में जमकर नारेबाजी की। धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने आरोप लगाया कि टंडवा अंचल कार्यालय के फर्जी तरीके से ग्रामसभा कर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के फर्जी हस्ताक्षर और मुहर लगाकर अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने कार्यवाही की गई। इसका ग्रामीणों की ओर से विरोध किया जा रहा है। ग्रामीणों ने धरना के माध्यम से रेलवे लाइन निर्माण में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया के तहत लागू सेक्शन 9 हटाने, फर्जी ग्राम सभा मे शामिल अधिकारियों और कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई करने, अनापत्ति से पहले भूमि का रिवार्ड तय करने की मांग कर रहे थे।

कारागृह से बुरे संस्कारों को दूर करके निकलें : भगवान भाई

JAMSHEDPUR : यह कारागृह नही, बल्कि सुधारगृह है। इसमें आपको स्वयं में सुधार लाने के लिए रखा हुआ है, शिक्षा देने के लिए नहीं। इस कारागृह को संस्कार परिवर्तन का केंद्र बना लो। इसमें एक-दूसरे से बदला लेने की बजाए स्वयं को बदलना है। बदला लेने से समस्या और ही बढ़ जाती है। कारागृह के इस एकांत स्थान पर बैठकर स्वयं को परिवर्तन करने के लिए सोचो कि मैं इस संसार में क्यों आया हूं। मेरे जीवन का उद्देश्य क्या हैं, मुझे परमात्मा ने किस उद्देश्य से यहां भेजा है। मैं यहां आकर क्या कर रहा हूं। ऐसी बातों का चिंतन करने से संस्कार-व्यवहार

भगवान भाई

में परिवर्तन होगा। यह कारागृह आपके जीवन को सुधार लाने के लिए तपोस्थल है। ये उद्गार माउंट आबू, राजस्थान स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से आए ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने कहे। वे घाघीडाह केंद्रीय कारागृह (जेल) के कैदियों को कर्म गति और व्यवहार शुद्धि विषय पर बोल रहे थे। भगवान भाई ने बंदियों से कहा कि बदला लेने के बजाय स्वयं को ही बदलकर दिखाने की प्रवृति रखनी है। उन्होंने कहा कि हम किसके बच्चे हैं। जिस परमात्मा के हम बच्चे हैं, वह तो शांति का सागर, दयालु, कृपालु, क्षमा का सागर है।

बीपी-शुगर की जांच के लिए लगी भीड़

JAMSHEDPUR : मानगो के डिमना रोड में अविनाश नगर के पास हर रविवार को शिविर लगाकर बीपी-शुगर की जांच होती है। जांच कराने के लिए सुबह 6 बजते ही लाइन लग जाती है। मानगो नगर विकास परिषद नामक समाजिक संस्था के बैनर तले मानगो वासियों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम तीन माह से चल रहा है। इस मौके पर संस्था के मुख्य संयोजक मनोज मिश्रा, विष्णु लाल, सुबोध प्रसाद, शुभश्री दत्ता, जिष्णु महतो सहित अन्य सदस्य सक्रिय रहे।

दुमका में पेड़ से टकराई बाइक, दो लोगों की हुई मौत, एक गंभीर

AGENCY DUMKA : नशे में धुत्त बाइक सवार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने से दो बाइक सवार की मौत हो गई। वहीं घटना में एक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शनिवार की देर रात विश्वविद्यालय ओपी थाना क्षेत्र में घटी। दुर्घटना थाना से चंद कदम दूर सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के मुख्य गेट के समीप घटी।

मृतकों का शिनाख्त साहिबगंज जिला के तालझारी थाना क्षेत्र के दुधकोल गांव निवासी सोमाय हांसदा (30) एवं बरहेट थाना क्षेत्र के हिरणपुर गांव निवासी संजला मुर्मू (20) के रूप में हुई। वहीं घायल सदर प्रखंड के दिग्घी

अस्पताल में पहुंचे परिजन ● फोटोन न्यूज

ओपी थाना क्षेत्र के दीपक हेम्ब्रम है। दीपक विश्वविद्यालय के सुरक्षा गार्ड है। जानकारी के अनुसार दीपक अपने दोस्तों के साथ बाईक में सवार होकर सदर प्रखंड के बागडुब्बी एक श्राद्ध कर्म में शामिल होने गया था। देर रात दीपक को पहुंचाने विश्वविद्यालय जाने के दौरान बाइक विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार के समीप प्रिंटिंग दुकान के सामने महुआ के पेड़ से टकरा गई। इसमें एक की मौके पर मौत हो गई। दूसरे को अस्पताल में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वही दीपक हेम्ब्रम बुरी तरह से घायल हो गया। दीपक का इलाज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज जारी है।

शिक्षा के साथ-साथ मानवता का पाठ पढ़ाता है डीएवी : जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद

पूरे राज्य के डीएवी स्कूलों में लीगल लिटरेसी क्लब का हुआ उद्घाटन

AGENCY LOHARDAGA : लोहरदगा के एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल में वर्जुअल रूप से लीगल लिटरेसी क्लब का उद्घाटन किया गया। झारखंड के सभी 72 डीएवी स्कूलों में एक साथ लिगल लिटरेसी क्लब का उद्घाटन जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद के जरिये न्याय सदन झालसा, रांची की ओर से किया गया। इस मौके पर जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने कहा कि समाज का निर्माण कैसे होना चाहिए यह हमें तय करना होगा। हमारा उद्देश्य समाज को कानूनी रूप से जागरूक करना भी है और इसके लिए डालसा और झालसा के जरिये लगातार लोगों को जागरूक करने का कदम उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें कानून की आवश्यकता क्यों है

लोहरदगा के स्कूल में उपस्थित अतिथि व शिक्षक ● फोटोन न्यूज

ये समझने की आवश्यकता है। स्कूलों में विभिन्न विषयों की पढ़ाई तो होती है लेकिन लीगल जानकारी नहीं दी जाती है। इसके लिए लिगल लिटरेसी क्लब को एक बेहतर माध्यम बनाया गया है। 660 से ज्यादा लीगल लिटरेसी क्लब जिसका लाभ स्कूल के विद्यार्थियों को मिल रहा है। चाइल्ड मैरिज, ह्यूमन ट्रैफिकिंग, नशा से नुकसान सहित विभिन्न विषयों की जानकारी दी जा रही है। अंधविश्वास को दूर करने का काम भी लिगल लिटरेसी क्लब के माध्यम से काम किया जा रहा है। इस मौके पर एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल में टीम का नेतृत्व कर रहे मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा ने कहा कि समाज के लिए लिगल कैडेट कोर बनाने का उदेश्य पूरा किया जा रहा है। इन्होंने कहा की आज के समय में युवाओं का भविष्य लिगल के क्षेत्र में बढ़ रहा है। ऐसे में यह युवाओं को एक नई दिशा दे रहा है। हम अभी से ही इन युवाओं को जज के रूप में देख पा रहे हैं। हम समाज को लिगल लिट्रेसी क्लब के माध्यम से जागरूक करने का काम कर रहे हैं। ट्रैफिकिंग की वजह से बच्चियों को बाहर बेचा गया। ऐसे मामलों में डालसा ने कई बेहतर कार्य किया है। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी पहली ड्यूटी पढ़ाई दूसरी ड्यूटी पढ़ाई और आखरी ड्यूटी सिर्फ बच्चों को पढ़ाई ही होना चाहिए।

कदमा स्थित आवास पर बैठक को संबोधित करते बन्ना गुप्ता ● फोटोन न्यूज

महाशिवरात्रि की तैयारी में जुटे पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता

JAMSHEDPUR : राज्य के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता महाशिवरात्रि पर दोमुहानी में स्वर्णरेखा नदी की आरती को भव्य बनाने की तैयारी में जुटे हैं। बन्ना गुप्ता 4 साल से लगातार महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य स्वर्णरेखा आरती का आयोजन करते हैं। इसके पहले नदी पूजन का आयोजन भी किया जाता है और आरती के दौरान आतिशबाजी और पुष्पवर्षा की जाती है। बन्ना गुप्ता ने रविवार को सुबह में सोनारी स्थित दोमुहानी संगम घाट का निरीक्षण कर सफाई की व्यवस्था, आयोजन स्थल का चयन एवं अन्य तैयारियों की व्यवस्था की समीक्षा की, इसके बाद कार्यकताओं के साथ बैठक कर कार्यक्रम की सफलता के लिए विशेष निर्देश जारी किए।

कदमा स्थित अपने आवास पर बैठक को संबोधित करते हुए बन्ना गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में एक लाख से ज्यादा लोगों के शामिल होने की संभावना है।

सृजन संवाद की 147वीं संगोष्ठी में फिल्मकार अशोक मिश्रा की यात्रा पर हुईं विस्तार से बातें

तकनीक में परिवर्तन के चलते सिनेमा हो गया वैश्विक : अशोक मिश्रा

PHOTON NEWS JSR : 'सृजन संवाद' साहित्य, सिनेमा एवं कला की 147वीं संगोष्ठी स्ट्रीमयार्ड तथा फेसबुक लाइव पर प्रसिद्ध सिने-व्यक्तित्व अशोक मिश्रा की सिने-यात्रा पर हुई। 22 फरवरी की शाम 6.30 बजे से करीब डेढ़ घंटे चली इस बातचीत में प्रसिद्ध फिल्म 'कटहल' के लेखक के अलावा सिने-इतिहासकार मनमोहन चड्ढा, न्यू डेल्ही फिल्म फाउंडेशन के संस्थापक आशीष कुमार सिंह एवं सिने-विशेषज्ञ अमरेंद्र कुमार शर्मा ने भाग लिया। परिचर्चा का संचालन डॉ. विजय शर्मा ने किया।

विभिन्न स्थानों पर नाट्य एवं पटकथा लेखन की कार्यशाला संचालित करने वाले अशोक मिश्रा ने बताया कि बचपन में पढ़ने में उनका मन बिल्कुल नहीं लगता था, जबकि उनके पिता रामस्वरूप मिश्रा, जिला शिक्षा इंस्पेक्टर थे। बाद में परिवार के सहयोग से उन्होंने शिक्षा ग्रहण की तथा हिंदी एवं भाभी रंजना मिश्रा के सहयोग

से संस्कृत साहित्य के प्रति उनका झुकाव हुआ। हबीब तनवीर का सानिध्य मिला और वे नाटकों से जुड़ गए। वे 'रचना' नाटक ग्रुप के संस्थापक हैं और उन्होंने खूब नाटक किए हैं। फिल्म में आने पर उन्हें श्याम बेनेगल, सईद मिर्जा जैसे दिग्गज निर्देशकों के साथ काम करने का अवसर मिला। काम करते हुए वे सीखते गए और अपने काम में निखार लाते गए।

आशीष कुमार सिंह ने प्रश्न से कार्यक्रम आगे बढ़ाते हुए पूछा, पिछले पांच दशक से फिल्म में क्या बदलाव दिखता है? उत्तर देते हुए मिश्रा ने बताया कि पिछले पचास सालों में तकनीक में परिवर्तन के चलते सिनेमा वैश्विक हो गया है, इसमें जनतांत्रिकता बढ़ी है, छोटे-छोटे स्थानों से लोग कम संसाधन में अच्छा सिनेमा बना रहे हैं। उन्होंने श्याम बेनेगल के साथ करीब तीस साल काम किया और पाया कि वे बहुत सरल एवं विद्वान व्यक्ति थे, उनका सेंस ऑफ ह्यूमर गजब का था। सईद मिर्जा से उन्होंने सीखा, यदि बात को बार-बार कहना हो, संवाद को कई बार दोहराना हो तो, फिल्म नहीं, उपन्यास लिखना चाहिए।

अशोक मिश्रा ने हाल में विश्वरंग संवाद पत्रिका के सिनेमा विशेषांक का संपादन किया है, उन्होंने संपादन से संबंधित अपने अनुभव साझा किए। इस अंक में सृजन संवाद के कई सदस्य शामिल हैं। अमरेंद्र कुमार शर्मा ने अकादमिक प्रश्न पूछे, जिनके उत्तर सिने-छात्रों के लिए विशेष उपयोगी रहे। मिश्रा ने स्क्रीनप्ले एवं संवाद को विस्तार से समझाया। मनमोहन चड्ढा को अशोक मिश्रा बहुत अपने लगते हैं, क्योंकि उनमें फिल्मी लोगों वाला दंभ नहीं है और वे हिंदी में काम करते हैं, चड्ढा जी के प्रश्न के उत्तर में अशोक जी ने कहा, निर्देशक श्याम बेनेगल फिल्म में रिसर्च का महत्व समझते थे और रिसर्च के लिए इंतजाम करते थे। बेनेगल ने बतौर स्क्रिप्टराइटर सदैव अशोक मिश्रा की सुविधा का ध्यान रखा, उनकी बातों को सुना और तर्कपूर्ण सुझावों को महत्व दी।

दर्शकों-श्रोताओं ने एक स्वर से माना, जहां लोग खुद को ग्लोरीफाई करते हैं, अशोक मिश्रा खुद से अधिक दूसरों की बात करते हैं, उन्हें महत्व देते हैं। 'कटहल' फिल्म बतौर निर्देशक उनके बेटे यशोवर्धन मिश्रा की पहली फिल्म है, यह बात भी उन्होंने बस चलते-चलते बताई। दर्शकों ने 'कटहल, 'वेलडन अब्बा', 'वेलकम टू सज्जनपुर' फिल्मों की तारीफ की एवं अशोक मिश्रा की जीवन यात्रा से कई नई बातें जानीं।

आशीष कुमार सिंह ने इस महत्वपूर्ण-सार्थक कार्यक्रम का सार प्रस्तुत किया। डॉ. विजय शर्मा ने वक्ताओं, दर्शक-श्रोता, पोस्टर निमार्ता, प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया, संचालन के लिए वैभव मणि त्रिपाठी एवं अनुराग रंजन का धन्यवाद ज्ञापन किया।

उल्लेखनीय उपलब्धियां

डॉ. विजय शर्मा ने विषय परिचय देते हुए मंचस्थ विद्वानों तथा फेसबुक लाइव के श्रोताओं-दर्शकों का स्वागत किया। अब तक सृजन संवाद ने फिल्म व्यक्तित्व पर कई कार्यक्रम किए हैं, जिनमें गौतम घोष, सत्या सरन, सोमा चटर्जी, मृत्युंजय श्रीवास्तव, आशुतोष पाठक, पंकज मित्रा, सुदीप सोहनी, अनिरुद्ध भट्टाचार्य जैसे सिने-विशेषज्ञों ने शिरकत की है। उन्होंने बताया कि शायद ही कोई ऐसा होगा जिसने फिल्में 'कटहल' नहीं देखी हो। नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से प्रशिक्षित अशोक मिश्रा उसके लेखक हैं। पटकथा लेखक, गीतकार, अभिनेता, नाट्य निर्देशक अशोक मिश्रा ने 'भारत एक खोज', 'अमरावती की कथाएं', 'संक्रांति, 'मृग नयनी', 'सहर', 'इंतजार' आदि धारावाहिक तथा 'कटहल' के अलावा 'नसीम', 'समर', 'वेल्डन अब्बा', 'वेलकम टू सज्जनपुर', 'बवंडर', 'कभी पास कभी फेल', 'दुर्गा', 'गांजे की कली' आदि फिल्मों का लेखन किया है। आपको 'समर' एवं 'नसीम' फिल्म के लिए दो बार सर्वश्रेष्ठ पटकथा लेखन का 'नेशनल अवार्ड' प्राप्त हुआ है। 'वेलकम टू सज्जनपुर' सर्वश्रेष्ठ संवाद लेखन के लिए 'स्टार स्क्रीन अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग ने प्रतिष्ठित 'राष्ट्रीय किशोर कुमार अवार्ड' प्रदान किया है।

इनकी उपस्थिति रही खास

147वें सृजन संवाद कार्यक्रम में देहरादून से सिने-समीक्षक मनमोहन चड्ढा, दिल्ली से आशीष कुमार सिंह, जमशेदपुर से डॉ. मीनू रावत, डॉ. क्षमा त्रिपाठी, आभा विश्वकर्मा, अर्चना अनुपम, श्रवण कुमार, वीणा कुमारी, गीता दुबे, जोबा मुर्मू, बीनू पाण्डेय, रांची से 'यायावरी वाया भोजपुरी' फेम के वैभव मणि त्रिपाठी, कहानीकार कमलेश, बेंगलुरु से पत्रकार अनघा मारीषा, गोरखपुर से अनुराग रंजन, गोमिया से प्रमोद कु. बर्णवाल, इलाहाबाद से सुरभि बिप्लव, बर्धमान से कल्पना पंत, अन्य स्थानों से कृष्ण कुमार मिश्र, प्रदीप मिश्र, दिलीप मिश्र, सुदीप साहू, चंदा राव आदि जुड़े। इनकी टिप्पणियों से कार्यक्रम और अधिक सफल हुआ।

माइनिंग के लिए केबीपी कंपनी ने कड़ी सुरक्षा के बीच किया भूमि पूजन

RAMGARH : रामगढ़ जिले के मांडू प्रखंड अंतर्गत कोतरे बसंतपुर पचमो में माइनिंग के लिए केबीपी कंपनी ने कड़ी सुरक्षा के बीच भूमि पूजन किया। रविवार की सुबह से ही भूमि पूजन के लिए केपी कंपनी के मालिक और कर्मचारी खड़े थे। इसके विरोध में दर्जनों गांव के ग्रामीण सड़क पर उतर आए। जिला प्रशासन और पुलिस पदाधिकारियों की ओर से लाख पहल किए जाने के बावजूद ग्रामीणों के जरिये कंपनी को काम करने के लिए सहमति प्रदान नहीं की गई। 12 घंटे तक लगातार ग्रामीण और अधिकारियों के बीच वार्ता चलती रही। अंततः देर शाम कंपनी के मालिक प्रणय अपने कर्मियों के साथ सिर्फ भूमि पूजन कर निकल गए थे। केदला वासरी से कोतरे गांव की तरफ घुसते ही हजारों की संख्या में ग्रामीण अधिकारियों को रोक कर बैठ गए थे। ना तो अधिकारियों की गाड़ी अंदर जा रही थी और ना ही कंपनी की गाड़ी और मशीन अंदर घुसने के लिए तैयार थी।

BRIEF NEWS

सावित्रीबाई फुले के परिनिर्वाण दिवस पर होगी आमसभा

RANCHI : रविवार को अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के जिला एवं प्रदेश के पदाधिकारियों की बैठक धुर्वा के रेनबो रिवर वटर पार्क में हुई। इस बैठक में कई निर्णय लिए गए। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशवाहा राकेश महतो ने कहा कि भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के परिनिर्वाण दिवस पर रांची में 23 मार्च को एक बड़ी आम सभा का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाएगा। 22 मार्च को अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की कार्यसमिति की बैठक होगी। आम सभा के माध्यम से सरकार से मांग की जाएगी कि माता सावित्रीबाई फुले की जीवनी की पढ़ाई झारखंड के स्कूली शिक्षा की किताबों में शामिल कराई जाए। इस आम सभा के पहले सभी प्रमंडलों में जिला कार्य समिति की बैठक की जाएगी। रविवार की बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार कुशवाहा ने की।

साहिल बने कोलकाता हार्ड कोर्ट टेनिस चैंपियनशिप विजेता

RANCHI : बंगाल टेनिस एसोसिएशन एवं साउथ क्लब कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कोलकाता हार्ड कोर्ट टेनिस चैंपियनशिप 2025 के पुरुष वर्ग का खिताब झारखंड के शीर्ष लॉन टेनिस खिलाड़ी साहिल अमीन ने जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में साहिल ने अपने प्रतिद्वंदी खिलाड़ी बंगाल के सौरव चौधरी को सीधे सेटों में 6-0, 6-1 से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए साहिल ने सेमीफाइनल में अपने प्रतिद्वंदी खिलाड़ी बंगाल के ही मनीष बजाज को 6-0, 6-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। यह खिताब साहिल ने दूसरी बार हासिल किया है। पिछले वर्ष भी साहिल ने ये खिताब अपने नाम किया था। इस टूर्नामेंट का आयोजन कोलकाता साऊथ क्लब में 15-23 फरवरी तक किया गया था। साहिल वर्तमान में कोलकाता के द टेनिस ट्री एकेडमी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

एनएच-33 पर आयरन स्पंज लदे ट्रक में लगी भीषण आग

RANCHI : रविवार को तमाड़ थाना क्षेत्र के रुगड़ी हाई स्कूल के समीप एनएच-33 टाटा-रांची मार्ग पर एक आयरन स्पंज लदे ट्रक में अचानक आग लग गई। आग की लपटें उठते ही चालक ने सतर्कता दिखाते हुए ट्रक को सड़क किनारे रोक दिया और अपनी जान बचाने में सफल रहा। सूचना मिलते ही तमाड़ पुलिस मौके पर पहुंची और सुरक्षा के मद्देनजर सड़क पर आवागमन रोक दिया गया।

झारखंड में आज साफ रहेगा मौसम

RANCHI : झारखंड में लगातार मौसम में बदलाव हो रहा है। मौसम विभाग से रविवार को मिली जानकारी के अनुसार झारखंड में 24 फरवरी को मौसम साफ रहेगा। केवल रांची और आसपास के इलाकों में दोपहर बाद आंशिक बादल छाने की संभावना है। वहीं पिछले तीन दिनों से राज्य भर में गर्जन के साथ हल्की बारिश और ओलावृष्टि हुई।

यह चिंताजनक है कि इस नशीले पदार्थ की खेती का बढ़ता जा रहा दायरा, पुलिस ने तेज किया अभियान

ग्रामीणों को लालच देकर अफीम की खेती करा रहे नशा के सौदागर

CRIME REPORTER RANCHI :

झारखंड के विभिन्न जिलों में अफीम की खेती करने और उसके कारोबार को बढ़ाने का सिलसिला जारी है। नशा के सौदागर भोले-भाले ग्रामीणों को लालच देकर अफीम की खेती करा रहे हैं। इस बीच सरकार ने कड़ा रुख अपनाते हुए अफीम की खेती को नष्ट करने और सौदागरों को सबक सिखाने का मन बना लिया है। हर जिले में अफीम की खेती के खिलाफ जोरदार अभियान पुलिस की ओर से चलाया जा रहा है। इस बीच कुछ दिन पहले इस मुद्दे को लेकर के सेक्रेटरी अलका तिवारी ने उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की थी और इस समस्या को जड़ से मिटाने का निर्देश दिया था। विगत कुछ वर्षों को देखें तो स्पष्ट हो जाता है कि साल-दर-साल अफीम की खेती का दायरा घटने के बजाय बढ़ रहा है। आंकड़े चौंकाने वाले हैं। साल 2016 में पुलिस ने 259 एकड़ खेत में लगी अफीम की फसल को नष्ट किया था। इस साल 21 फरवरी तक 19,086 एकड़ में लगी फसल को नष्ट कर चुकी है। सबसे ज्यादा खूंटी में 10,520 एकड़ में अफीम की फसल को नष्ट किया गया है। दूसरे स्थान पर रांची है, जहां पर 4624 एकड़ में फसल नष्ट की गई है। अफीम की फसल की वजह से कुल आठ जिले खूंटी, चतरा, रांची, लातेहार, पलामू, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला और हजारीबाग के इलाके प्रभावित हैं।

चीफ सेक्रेटरी अलका तिवारी ने इस समस्या को जड़ से मिटाने का दिया है निर्देश

इस साल 21 फरवरी तक 19086 एकड़ में लगी फसलों को किया जा चुका है नष्ट

- झारखंड के सभी जिलों में चलाया जा रहा अभियान
- वन विभाग की रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज करने का डीजीपी ने दिया है आदेश

190 लोगों को किया गया है गिरफ्तार

अफीम की खेती नष्ट करने के अभियान के दौरान कुल 283 कांड और 958 सनहा दर्ज किए गए हैं। कुल 190 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे वन विभाग द्वारा अफीम की खेती को लेकर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट को आधार बनाकर संबंधित लोगों पर एफआईआर करें। उन्होंने बताया कि ऐसे मामलों में वन विभाग सिर्फ अतिक्रमण का मामला दर्ज करता है। हालांकि नशे की खेती के लिहाज से यह कार्रवाई बेहद कमतर साबित होती है।

अफीम की खेती करने वालों की खैर नहीं : डीजीपी

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि राज्य में पहली बार अफीम की खेती के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। खुद मुख्य सचिव इसकी मॉनिटरिंग कर रही हैं। समय-समय पर अभियान की समीक्षा हो रही है। इस अभियान में वन विभाग और एनसीबी को भी शामिल किया गया है। डीजीपी ने कहा कि अबतक पुलिस के स्तर पर कार्रवाई होती थी। उन्होंने कहा कि अभियान अब 15 मार्च तक चलेगा। उन्होंने दो टूक कहा कि अफीम की खेती करने वालों की अब खैर नहीं।

60 से 70 हजार रुपये प्रति किलो औसत दाम

एक अनुमान के मुताबिक एक एकड़ में लगी फसल से तीन से चार किलो कच्चा अफीम निकलती है। यह उत्तम बीज, पटवन और खाद की मात्रा पर निर्भर करता है। लिहाजा, एक एकड़ में औसतन 2 किलो कच्ची अफीम निकलती है। लोकल सौदागर औसतन 60 से 80 हजार रुपय प्रति किलो के हिसाब से किसानों से कच्चा अफीम खरीदते हैं। जब किसान खुद शहर में जाकर सौदा करता है, तो उसे प्रति किलो एक लाख रुपये तक मिल जाता है। यहां रेट इसलिए बढ़ जाता है क्योंकि किसान को रिस्क उठाना पड़ता है। यही कच्चा अफीम जब अंतरराज्यीय बाजार में पहुंचता है तो प्रति किलो की कीमत तीन से चार लाख रुपये तक पहुंच जाती है। बाद में बड़े-बड़े माफिया कच्चे अफीम की प्रोसेसिंग कराकर कोकिन, हेरोइन जैसे ड्रग्स बना देते हैं।

पहल : इंपैनल्ड हॉस्पिटल में बीमारियों के उपचार के बारे में बताएंगे स्टाफ

जानकारी के अभाव के कारण आयुष्मान का लाभ लेने के लिए भटकते हैं मरीज

PHOTON NEWS RANCHI :

आयुष्मान भारत योजना लोगों के लिए इलाज में वरदान साबित हो रही है। लेकिन, जानकारी नहीं होने के कारण लोग मरीज को लेकर हॉस्पिटल तो पहुंच जाते हैं। लेकिन, आयुष्मान योजना से इलाज नहीं होता। ऐसे में उन्हें हॉस्पिटल का भारी भरकम बिल भरना पड़ता है। लेकिन अब आपको इसके लिए टेंशन लेने की जरूरत नहीं है। कुछ नंबरों पर कॉल कर आयुष्मान योजना से जुड़े हॉस्पिटलों और वहां मिलने वाली इलाज की सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल कर सकते हैं। इससे लोगों को हॉस्पिटल-दर- हॉस्पिटल की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। आयुष्मान भारत योजना की शुरूआत पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा झारखंड से शुरू की गई थी। अब आम जनता के लिए और भी अधिक सुगम हो गई है। यदि आपके पास आयुष्मान कार्ड है और आप सरकारी या प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज कराने के लिए कंफ्यूज हैं, तो अब आपको चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सरकार ने एक हेल्पलाइन सेवा शुरू की है, जिसके जरिए आप आयुष्मान योजना से जुड़ी हर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और यह जान सकते हैं कि आपके नजदीकी हॉस्पिटल में कौन सी बीमारियों का इलाज उपलब्ध है।

अस्पतालों ने कुछ रोगों के लिए इंश्योरेंस कंपनियों से किया है टाईअप

कई हॉस्पिटलों को किया गया बाहर

राज्यभर में कई अस्पतालों को आयुष्मान योजना के तहत इंपैनल किया गया था, जहां मरीजों का इलाज किया जा रहा था। लेकिन, लापरवाही बरतने वाले हॉस्पिटलों पर स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए उन अस्पतालों को इंपैनलमेंट से बाहर कर दिया है। वहीं, कुछ अस्पताल ऐसे भी हैं, जिन्होंने कुछ विशेष बीमारियों के इलाज के लिए पैकेज लिया है, परंतु मरीजों को इन पैकेजों के बारे में पूरी जानकारी नहीं मिल पाती। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए हेल्पलाइन सेवा शुरू की गई है। झारखंड में आयुष्मान कार्ड धारकों की संख्या अब सवा करोड़ को पार कर चुकी है। झारखंड में लाखों लोगों को इस योजना का लाभ मिल चुका है और करोड़ों रुपये का क्लेम किया जा चुका है।

झारखंड में आयुष्मान कार्ड धारकों की संख्या हो चुकी है सवा करोड़ से ज्यादा

पांच लाख तक का होता है मुफ्त इलाज

बता दें कि आयुष्मान भारत योजना के तहत, लाभार्थियों को हर साल 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज दिया जाता है। इसके अलावा झारखंड सरकार ने इसकी सीमा बढ़ाकर 15 लाख रुपये कर दिया है। 5 लाख की लिमिट खत्म होने के बाद इसका लाभ मिलेगा। इसके लिए न तो किसी भी अस्पताल में कोई भुगतान करना पड़ता है, न ही कोई राशि एडवांस जमा करना है।

शिकायत भी करा सकते हैं दर्ज

स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान योजना के तहत इलाज के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। जिन पर कॉल करके लोग इस योजना के तहत इलाज के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ये हेल्पलाइन नंबर 104, 14555 और 18003456540 है। इसके अलावा इन नंबरों पर कॉल करने से न केवल आपको इलाज की जानकारी मिलेगी, बल्कि आप अपनी शिकायत भी दर्ज कर सकते हैं। इस तरह से हेल्पलाइन नंबर पर समस्याओं का समाधान भी किया जा सकेगा।

मीटिंग में कांग्रेस प्रभारी ने मंत्रियों और विधायकों को दिया टास्क

PHOTON NEWS RANCHI :

कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव की अध्यक्षता में रविवार को बैठक हुई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश भी मौजूद थे। इस बैठक में पार्टी के भविष्य के कार्यों और संगठनात्मक मजबूती को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के बाद राजू ने बताया कि कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। कांग्रेस के 12 विधायकों को दो-दो जिलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन विधायकों को हर महीने संबंधित जिले में जाकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में शामिल होने का निर्देश दिया गया है। बैठक में जिले से जुड़े मुद्दों और संगठनात्मक मामलों पर चर्चा होगी। इन विधायकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे जिले के मुद्दों को सरकार तक पहुंचाने के लिए कदम उठाएं। साथ ही विधायकों के लिए एक साल का कैलेंडर तैयार किया जाएगा, ताकि वे नियमित रूप से इन बैठकों में भाग ले सकें। इसके अलावा कांग्रेस कोटे के चारों मंत्रियों के बीच पांच प्रमंडलों का बंटवारा किया जाएगा ताकि वे इन प्रमंडलों में जाकर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं से मिलकर उनके मुद्दों को सुनें और सरकार तक पहुंचाएं। मंत्री इन क्षेत्रों में जाकर संगठनात्मक मुद्दों को भी उठाएंगे।

- जिलों के मुद्दे को सरकार तक पहुंचाने का काम करेंगे विधायक
- एक एमएलए को मिली दो जिलों की जिम्मेदारी सुनेंगे लोगों की समस्या
- विधायकों के लिए तैयार होगा पूरे साल के लिए कैलेंडर

हर महीने होगी विधायकों की बैठक

विधायकों की बैठक प्रत्येक महीने विधायक दल के नेता की उपस्थिति में होगी। अगले वर्ष के लिए एक बैठक कैलेंडर तैयार किया जाएगा, जिसमें हर विधायक के क्षेत्र में एक बैठक होगी। इन बैठकों के बाद सभी विधायक एक साथ संवाददाता सम्मेलन करेंगे और बैठक में चर्चा किए गए मुद्दों पर बात करेंगे। सोमवार से शुरू होने जा रहे बजट सत्र के बारे में के राजू ने कहा कि कांग्रेस के विधायक मजबूती से सदन में रहेंगे। वे प्रत्येक विभाग के बजट और ग्रांट्स के बारे में जानकारी लेकर चर्चा में भाग लेंगे। इसके साथ ही, सरकार द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को लागू करने में सक्रिय रूप से योगदान देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी पार्टी की कोशिश है कि झारखंड में जातीय जनगणना हो, जिससे सभी समुदायों को उनकी सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति का पता चले। उन्होंने तेलंगाना का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां जातीय जनगणना के बाद कई नीतियां बनाई गई, जो वहां के विकास में मददगार साबित हुईं। कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने कहा कि बजट सत्र महत्वपूर्ण है और पार्टी महागठबंधन के मुद्दों को सरकार के समक्ष फिर से उठाएगी, जिसमें ओबीसी आरक्षण और जातीय जनगणना प्रमुख हैं।

जुलूस, रैली, प्रदर्शन-घेराव पर रहेगी रोक

बजट सत्र को लेकर 27 मार्च तक लागू रहेगी निषेधाज्ञा

PHOTON NEWS RANCHI :

झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी यानि आज से शुरू होगा और 27 मार्च तक चलेगा। इस दौरान विधानसभा परिसर के आसपास निषेधाज्ञा लागू रहेगी, जिसके तहत विधानसभा परिसर के 750 मीटर के दायरे में (न्यायालय परिसर को छोड़कर) किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन और घेराव पर रोक रहेगी। राज्य विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू हो रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर विधानसभा सत्र के दौरान निषेधाज्ञा जारी किया गया है। सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने बीएनएसएस की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखंड विधानसभा परिसर के 750 मीटर के दायरे (उच्च न्यायालय परिसर को छोड़कर) में निषेधाज्ञा लागू रहने का आदेश जारी किया है। एसडीओ ने रविवार को बताया कि यह निषेधाज्ञा 24 फरवरी के सुबह 8.00 बजे से 27 मार्च के रात 10 बजे तक के लिए लागू रहेगी।

रंजीत कुमार सदर व जयदीप टोप्पो बने खलारी थानेदार

4 इंस्पेक्टर और 3 दारोगा का एसएसपी ने किया तबादला, 6 थानों में नए प्रभारी

CRIME REPORTER RANCHI :

रविवार को रांची डीआईजी सह एसएसपी ने रांची जिला के 6 थानों के प्रभारियों का तबादला किया है। जिन थानों के प्रभारी बदले गए हैं, उनमें डोरंडा, सदर, सुखदेवनगर, इटकी, पिठोरिया व खलारी थाना के प्रभारी शामिल हैं। जारी आदेश के मुताबिक जयदीप टोप्पो को खलारी थाना का प्रभारी बनाया गया है। विजय कुमार सिंह पुलिस लाईन में योगदान देंगे। इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार को डोरंडा थाना का प्रभारी बनाया गया है। जबकि इंस्पेक्टर रंजीत कुमार सिन्हा को सदर थाना के प्रभारी के पद पर पदस्थापित किया गया है। इसी तरह अभय कुमार को पिठोरिया थाना का प्रभारी बनाया गया है, जबकि अभिषेक कुमार को सुखदेवनगर थाना के प्रभारी पद पर पदस्थापित किया गया है। दारोगा मनीष कुमार को इटकी थाना प्रभारी के पद पर पोस्टिंग दी गई है।

इटकी थानेदार के खिलाफ भी मिली थी शिकायत

शनिवार को रांची एसएसपी ने पिठोरिया थानेदार गौतम राय को सस्पेंड कर दिया था। बीते दिनों एसएसपी ने पिठोरिया थाने का औचक निरीक्षण किया था, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई थी। अभय कुमार को पिठोरिया का नया थानेदार बनाया गया है। वहीं, इटकी थानेदार अभिषेक कुमार के खिलाफ भी अनियमितता की शिकायत मिली थी जिसके बाद उन्हें भी प्रभारी के पद से हटाते हुए सुखदेव नगर थाना भेज दिया गया है।

अंतिम रूप देने के लिए भवन निर्माण विभाग तेजी से कर रहा काम

'कैफोर्ड हाउस' को तोड़कर बनेगा नया मुख्यमंत्री आवास

PHOTON NEWS RANCHI :

'कैफोर्ड हाउस' का नाम सुनते ही सबसे पहले मन में यह सवाल उठ सकता है कि आखिर इस हाउस का मतलब क्या है। इस हाउस का महत्व क्या है। यह बता देना जरूरी है कि आज झारखंड का जो सीएम हाउस बना हुआ है, झारखंड बनने के पहले उसे कैफोर्ड हाउस के नाम से ही जाना जाता था। जानकारी के अनुसार, अब इस भवन का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। इस भवन को तोड़कर सीएम के लिए नया भवन बनाने की तैयारी चल रही है। भवन निर्माण विभाग इस काम में जुटा है।

1854 में बना था कैफोर्ड हाउस : इतिहास से यह जानकारी मिलती है कि 1853 में बंगाल के लेफ्टिनेंट गवर्नर के प्रिंसिपल एजेंट कमिश्नर एलियन ने इस हाउस की नींव रखी थी। भवन बनने से पहले एलियन का ट्रांसफर हो गया और कैफोर्ड ने पद संभाला। उनके पद संभालते ही भवन निर्माण में तेजी आई और साल भर के अंदर 1854 में ब्रिटिश हुकूमत ने कमिश्नर सिस्टम को इंप्लीमेंट किया और कैफोर्ड को छोटा नागपुर का पहला कमिश्नर बनाया गया। वह इस हाउस में रहने वाले पहले अधिकारी बने। तभी से इस भवन का नाम कैफोर्ड हाउस पड़ा। बता दें कि साल 2014 में रघुवर दास के सीएम बनने से पहले बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, शिबू सोरेन, मधु कोड़ा ने सीएम की कुर्सी संभाली, लेकिन कोई भी कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया। इस मिथक को तोड़ा सीएम रघुवर दास ने। उन्होंने इस आवास में रहते हुए पांच साल का कार्यकाल पूरा करने का रिकॉर्ड भी बनाया। इससे पहले उन्हें कुछ वास्तु बदलाव करना पड़ा। उन्होंने कांके रोड वाले गेट से आना-जाना करने के बजाय मोरहाबादी वाले गेट का इस्तेमाल किया।

झारखंड बनने के बाद पहली बार रघुवर दास ने पूरा किया था अपना कार्यकाल

अर्जुन मुंडा ने कराया था हनुमान मंदिर का निर्माण

सीएम रहते हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने पर अर्जुन मुंडा ने सीएम कैंपस में हनुमान मंदिर का निर्माण करवाया था। 13 जुलाई 2013 को पहली बार सीएम बने हेमंत सोरेन इस आवास में नहीं गए। इसकी एक वजह यह भी रही कि उनका आवास सीएम आवास से सटा हुआ है। एक दीवार का फर्क है। लिहाजा, सीएम हेमंत इस आवास का इस्तेमाल विधायकों की मीटिंग के लिए करते रहे हैं। अब देखना है कि कैफोर्ड हाउस की जगह किस तरह का भवन बनता है। यह भी देखना है कि नया भवन बनने के बाद सीएम के रूप में हेमंत सोरेन उसमें जाएंगे या नहीं।

राजद से 50 हजार लोगों को जोड़ना लक्ष्य : कैलाश

RANCHI : राजधानी रांची के कोकर स्थित रामलखन सिंह यादव कॉलेज रांची के पास रविवार को झारखंड प्रदेश राजद के नेताओं ने सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव मौजूद थे। इस अवसर पर कई लोगों ने राजद की सदस्यता ली। पार्टी में शामिल होनेवाले लोगों को पार्टी के प्रदेश महासचिव कैलाश यादव ने सदस्यता दिलाई। इस मौके पर कैलाश यादव ने कहा कि रांची महानगर में 50 हजार सदस्यों को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। उल्लेखनीय है कि राजद का सदस्यता अभियान राज्य के सभी जिलों में चल रहा है। कार्यक्रम में पार्टी नेता रामकुमार सिंह यादव, सुधीर गोप, अधिवक्ता कृष्ण कुमार, श्याम सुंदर यादव, सुनील टोप्पो, विभाकार कुमार, ललन यादव, कपिलदेव सिंह और अनिल सहित अन्य मौजूद थे।

143 लोगों ने थामा भाकपा का दामन

मजदूरों के हक-अधिकार के लिए लड़ती रही पार्टी : महेंद्र

PHOTON NEWS RANCHI :

भाकपा के कार्यकर्ता मिलन समारोह में रविवार को 143 लोगों ने पार्टी का दामन थामा। रांची के कांके रोड स्थित गांधीनगर क्लब में एटक के राज्य सचिव अशोक यादव की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि मजदूरों के हक और अधिकार के लिए भाकपा पार्टी हमेशा लड़ती रही है। पाठक ने कहा कि देश की पूंजीवादी पार्टियां धर्म एवं जात के नाम पर लोगों को बांट रही हैं। देश के बड़े-बड़े उद्योगपतियों के पक्ष में कानून बनाया जा रहा है। एटक के राज्य सचिव अशोक यादव ने लाल झंडा की उत्पत्ति के बारे में विस्तार से बताया। वहीं मजदूर नेता हरिद्वार सिंह ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के इतिहास की जानकारी उपस्थित लोगों को दी।

समाचार सार

'रन फॉर वन' का हुआ भव्य आयोजन

GHATSILA : जमशेदपुर वन प्रमंडल और हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड, मऊभंडार इकाई के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को 'रन फॉर वन' मैराथन का भव्य आयोजन किया गया, जो मऊभंडार ताम्र प्रतिभा मैदान से सुरदा चौक तक हुआ। इस 10 किलोमीटर के मैराथन में कई प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, मुख्य वन संरक्षक अशोक कुमार और आरसीसीएफ स्मिता पंकज ने झंडी दिखाकर किया। इस दौरान दलमा रेंज पर आधारित वन्यजीव संरक्षण कैलेंडर भी जारी किया गया। विजेताओं को ट्रॉफी व नकद पुरस्कार दिए गए। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि झारखंड शहीदों की धरती है और उनके सपनों को साकार करने के लिए जल, जंगल और जमीन की रक्षा आवश्यक है। मुख्य वन संरक्षक ने कहा कि झारखंड प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है और इसे बचाने के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। जमशेदपुर के डीएफओ सबा आलम अंसारी ने इस पहल को वन संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस मौके पर घाटशिला के एसडीओ सुनील चंद्र, जिला परिषद की सदस्य देवयानी मुर्मू, बीडीओ युनिका शर्मा, मऊभंडार एचसीएल-आईसीसी के कार्यपालक निदेशक श्याम सुंदर सेठी सहित अन्य उपस्थित थे।

बीओआई यूनियन की बैठक में कम रही उपस्थिति

GHATSILA : ऑल इंडिया बैंक इम्पलाइज एसोसिएशन के बैनर तले बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) स्टाफ यूनियन की बैठक रविवार को घाटशिला के एक होटल में हुई। इसमें सदस्यों की उपस्थिति कम रही। इस पर महामंत्री दिनेश झा ललन ने यूनियन के पदाधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि यूनियन की बैठक में सदस्यों की कमी दिख रही है। सदस्य यूनियन का स्तंभ होता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जो भी सुविधा बीओआई को मिलती है, इसका पूरा श्रेय यूनियन को है। अन्य बैंकों के कर्मचारियों को सरकार द्वारा इस तरह की सुविधा नहीं दी जाती है। उन्होंने संगठन को और मजबूत करने पर बल दिया। उन्होंने सरकार द्वारा बीओआई के कर्मचारियों के लिए हुए समझौते की विस्तृत जानकारी साझा की। बैठक में यूनियन के अध्यक्ष सपन कुमार, उपाध्यक्ष अखिलेश्वर उपाध्याय व कोषाध्यक्ष उमेश कुमार दास भी उपस्थित थे।

लव पुरती की स्मृति में 62 यूनिट रक्त संग्रह

BANDGAON : ब्लड डोनर लव पुरती की स्मृति में सुमिता होता फाउंडेशन ने रविवार को बंदगांव प्रखंड के कराईकला पंचायत भवन में 8वां रक्तदान शिविर लगाया, जिसमें 62 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। शिविर का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि मिथुन गागराई, स्व. लव पुरती की पत्नी मधु पुरती, मुखिया कुश पुरती, ग्रामीण चिकित्सा संघ के अध्यक्ष जेजे षाड़ंगी, तिरथ जामुदा, शेष नारायण लाल ने सुमिता होता व लव पुरती के चित्र के सामने द्वीप प्रज्वलित कर किया।

पर्यावरण मित्र ने चलाया स्वच्छता अभियान

GHATSILA : पर्यावरण मित्र के कार्यकर्ताओं ने मऊभंडार में आयोजित रन फॉर वन के दौरान कोरू फाउंडेशन के साथ स्वच्छता अभियान चलाया। फाउंडेशन और घाटशिला कॉलेज के एनसीसी व एनएसएस तथा पर्यावरण मित्र के सदस्यों ने मैराथन में हिस्सा लेने के साथ पूरे रास्ते से प्लास्टिक के बोतल, रैपर और नाश्ते के पॉकेट आदि निष्पादित किया।

जगमग होगा हरिणा का मुक्तेश्वर धाम

JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड में हरिणा स्थित मुक्तेश्वर धाम मंदिर में 24 लाख 86 हजार रुपये की लागत से 52 स्ट्रीट लाइट्स लगाई जाएंगी। इससे मुक्तेश्वर धाम जगमग हो जाएगा। इस योजना का रविवार को पोटका के विधायक संजीव सरदार ने शिलान्यास किया।

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री को चैंबर ने सुनाई समस्या

JAMSHEDPUR : केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ रविवार को बिष्टुपुर स्थित चैंबर भवन पहुंचे, जहां सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सदस्यों ने विभिन्न समस्या सुनाई। अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा कि जमशेदपुर या इसके आसपास रक्षा क्षेत्र से जुड़े उपक्रम बनाने का कोई प्रतिष्ठान स्थापित होना चाहिए। इसके अलावा मंत्री से एयरपोर्ट और उच्चशिक्षा के लिए बड़ा संस्थान खोलने की मांग भी रखी।

शहरनामा

वीरेंद्र ओझा

जाम बिना चैन कहां

अपनी लौहनगरी में दिनों-दिन आबादी बढ़ती जा रही है। शहर के साथ-साथ पड़ोस के मानगो में भी आबादी बढ़ गई है, जिसकी बानगी यहां पुल पर दिखती रहती है, जो अक्सर जाम रहता है। इन दिनों जुबिली पार्क का गेट बंद रहने से कीनन स्टेडियम रोड पर भी जाम लग रहा है। खैर, हम बात कर रहे हैं, जाम के लिए प्रसिद्ध मानगो की, जहां एक बार फिर जाम लगना शुरू हो गया है। गणतंत्र दिवस के बाद एक सप्ताह छोड़ दें, तो हर दिन वहां सफेद वर्दी धारी पांच-पांच मिनट के लिए पुल का ट्रैफिक रोक रहे हैं। पहले यह अवधि 10 से 15 मिनट तक रहती थी। उन्हें चिंता रहती है कि ट्रैफिक नहीं रोका तो पुल से गुजरने वाले भारी वाहन से कुचलकर काल कवलित हो जाएंगे। हालांकि पिछले महीने के आखिरी सप्ताह में किसी को खरोंच तक नहीं आई थी। अब यह मत पूछिए, कैसे।

जो सोवत है सो खोवत है

यह कहावत तो आपने सुनी ही होगी। नहीं सुनी है, तो इस उदाहरण से समझ जाइएगा कि फ्लाईओवर का निर्माण करीब पांच माह पहले शुरू हुआ था। उससे पहले भी एक नक्शा प्रचारित हुआ, जिसमें बताया गया था कि पुल किस रास्ते से गुजरेगा। इसी रास्ते में एक बगीचा भी पड़ता है, लेकिन उसके माली को इस बात का पता तब चला, जब बगीचे में पिलर के लिए कुआंनुमा गड्ढे खोदे जाने लगे। जब उन्होंने देखा तो उनकी धड़कन तेज हो गई। मरता, क्या न करता... की तर्ज पर उछलकूद मचाने लगे। लेकिन, वे जहां-जहां गए, निराशा ही हाथ लगी। इसकी वजह साफ थी कि जिन-जिन के पास गुहार लगाने गए, उन्होंने ही पिलर लगाने का एनओसी महीनों पहले दिया था। थक-हार कर माली एक नए बगीचे की डिमांड करने लगे हैं। क्योंकि संस्था चलाने के लिए बगीचा बहुत जरूरी है।

जानें अपने अधिकार

इस देश में आम नागरिक से लेकर समाजसेवी तक सबसे ज्यादा इस बात की खोजबीन करते हैं कि उनके क्या-क्या अधिकार हैं। जब बात किसी जनप्रतिनिधि की होती है, तो इस बात का महत्व बढ़ जाता है, क्योंकि उन्हें आम जनता से कई गुना ज्यादा अधिकार मिलते हैं। जिसकी जितनी बड़ी कुर्सी, उतना ज्यादा अधिकार। ऐसे में नए-नए चुने गए जनप्रतिनिधि कुछ दिन तो इसी बात को जानने में समय बिता देते हैं कि उन्हें कौन-कौन से अधिकार हैं। इसके लिए वे संविधान, नियम-कानून या आचारसंहिता की पुस्तकें पढ़ने की जगह तथाकथित अनुभवी लोगों से शॉर्टकट सलाह ले लेते हैं। इन्हीं में किसी ने जनप्रतिनिधि को ऐसी सलाह दे दी और वह ऐसी जगह पहुंच गईं, जहां उन्हें घुसने का अधिकार नहीं था। बाकायदा, फोटो-वीडियो जारी होते ही कई सवाल खड़े गए हैं। अब विभागों के आला अधिकारी पूछ रहे हैं कि आप वहां कैसे चली गईं।

गाड़ी भरके लाएं लोग

कुछ ही दिनों बाद पंजा-दल का समागम होने वाला है। इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इनके नए आका भी आकर मंत्र दे चुके हैं कि जब तक संख्या नहीं दिखाओगे, खाली नेतागिरी से कुछ नहीं होगा। पांच साल तक लॉलीपॉप के सिवा कुछ नहीं मिला था, आगे भी पांच साल तक हाथ मलते रह जाओगे। इसलिए कम से कम समागम में तो अपनी ताकत दिखाओ। इसके लिए आदेश जारी कर दिया गया है कि पंचायत से लेकर जिला स्तर तक के हर पदाधिकारी को कम से कम एक गाड़ी भरकर लोग भी लाने हैं। ऐसे में पदाधिकारी इस बात की चिंता में डूब गए हैं कि कौन सी गाड़ी ले जाएं, जिसमें न्यूनतम लोग समा जाएं। आपको हैरानी नहीं होनी चाहिए, ज्यादातर ने टोटो-ऑटो की सलाह दी है। हालांकि, इस पर नेताजी ने कहा कि प्रेस्टीज भी कोई चीज होती है कि नहीं।

फार्मासिस्टों को भी बनानी होगी बायोमीट्रिक हाजिरी

डॉ. मोंटू कुमार पटेल

JAMSHEDPUR : अब फामेर्सी के डिप्लोमा व डिग्री में अध्ययनरत छात्रों एवं शिक्षकों को आधारयुक्त बायोमीट्रिक हाजिरी बनानी होगी। यहीं नहीं दवा दुकानों में बैठने वाले फार्मासिस्टों को भी यह हाजिरी बनानी होगी। इससे फजीर्वाड़ा रूकेगा। एक फार्मासिस्ट दो जगह कार्य नहीं कर सकते। इस हाजिरी की निगरानी फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया करेगा। ये बातें रविवार को अर्का जैन यूनिवर्सिटी में आयोजित स्कूल ऑफ फामेर्सी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार के उद्घाटन के बाद फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) के अध्यक्ष डॉ. मोंटू कुमार एम पटेल ने पत्रकारों से कहीं। उन्होंने बताया कि फार्मासिस्ट के छात्रों के स्किल डेवलपमेंट के लिए कई नए कोर्स प्रारंभ किए जा रहे हैं। इसमें एआई आधारित व मेडिसिन डिवाइस आधारित कोर्स भी शामिल हैं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप कोर्स को ढाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे बिहार-झारखंड के दौरे पर पहली बार आए हैं।

झारखंड में पीपीआर लागू : पीसीआइ के अध्यक्ष ने झारखंड में फामेर्सी प्रैक्टिस रेगुलेशंस (पीपीआर) स्वतः लागू है। उन्होंने कहा कि जब कोई भी नियम केंद्र बनाती है और राज्य उसे तीन साल तक अधिसूचित नहीं करती है, तो चौथे साल नियम स्वतः लागू हो जाता है। यही झारखंड की स्थिति है। यानी झारखंड में पीपीआर लागू है।

चार स्किल सेंटर की होगी स्थापना : डॉ. मोंटू कुमार एम. पटेल ने कहा कि फामेर्सी में डिप्लोमा एवं डिग्री के छात्रों के इंटर्नशिप के लिए देश के चार जोन में स्किल सेंटर की स्थापना का अनुमोदन प्राप्त हो गया है। ये कहां बनेंगे, अभी तय नहीं है। इसमें कुल 20 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इससे छात्रों को मदद मिलेगी। इसमें छात्रों को प्रशिक्षित भी किया जाएगा। कई तरह की तकनीकी जानकारी इस सेंटर में प्रदान की जाएगी।

दो मार्च से रमजान एक अप्रैल को ईद

JAMSHEDPUR : रमजान का पाक महीना शुरू हो रहा है। अगर अभी चल रहे इस्लामिक महीने शाबान की 29 तारीख को रमजान का चांद नजर आता है तो एक मार्च और अगर 30 तारीख को चांद नजर आता है, तो दो मार्च से रमजान शुरू हो जाएगा। इस तरह, अगर दो मार्च को रमजान शुरू होता है और ईद का चांद अगर 29 तारीख को हुआ तो ईद का त्योहार 31 मार्च को पड़ेगा। अगर ईद का चांद रमजान की 30 तारीख को दिखता है तो एक अप्रैल को ईद होगी। इस तरह, रमजान का चांद शाबान की 29 तारीख को यानि 28 फरवरी को देखा जाएगा। रमजान की तैयारी में जुटे लोग

जमशेदपुर के लोग रमजान की तैयारी में जुट गए हैं। इफ्तार और सहरी का इंतजाम किया जा रहा है। रमजान में लोगों की दिनचर्या बदल जाएगी। लोग सुबह सवेरे नमाज से पहले उठ जाएंगे और सहरी खाएंगे। सहरी में दूध, सूतफेनी, चाय आदि का नाश्ता किया जाता है। इसके बाद शाम को मगरिब की नमाज पढ़ने के बाद रोजा खोलेंगे। रोजा खोलने के समय को इफ्तार कहते हैं। इफ्तार में लोग फल आदि लेना पसंद करते हैं। कहा जा रहा है कि रमजान के दिनों में दूध और फल के दाम आसमान पर होंगे।

रमजान में इफ्तार व सहर का टाइम टेबल बांटा जा रहा है। यह टाइम टेबल विभिन्न संस्थाएं छपवा कर बांट रही हैं। वैसे आज कल डिजिटल युग में कई एप आ गए हैं जो रोजेदारों को इफ्तार और सहर का आनलाइन टाइम टेबल उपलब्ध है। इससे लोग इफ्तार और सहरी का सही समय जान सकते हैं।

बोड़ाम में बकरी चोरी के आरोप में पकड़े गए दो युवक, बाइक भी जब्त

ग्रामीणों ने मारपीट किए बिना पुलिस को सौंपा

PHOTON NEWS JSR: पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया में जहां शुक्रवार की आधी रात को बकरी चोरी के आरोप में दो युवकों को पीट कर मार दिया, वहीं शनिवार की रात को जिले के बोड़ाम थाना क्षेत्र में बकरी चोरी करते पकड़े गए दो युवकों को ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले कर दिया। बोटा गांव के ग्रामीणों ने दो आरोपियों को रंगेहाथ पकड़ लिया, जबकि उनके दो साथी फरार हो गए। इसके बाद ग्रामीणों ने बोड़ाम थाना प्रभारी को सूचित किया और दोनों आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में उलीडीह, मानगो निवासी कार्तिक उरांव और उसका 17 वर्षीय नाबालिग साथी शामिल है। ग्रामीणों ने चोरी में प्रयुक्त एक स्पलेंडर बाइक भी पुलिस को सौंपा, जिस पर दोनों आरोपियों के सवार होने की जानकारी मिली। पुलिस का कहना है कि यह गिरोह मानगो क्षेत्र से करीब 1 बजे शनिवार की रात 2 बाइकों पर सवार होकर बोड़ाम थाना क्षेत्र के भुईयांसिनान गांव में बकरी चोरी करने आया था। यहां बाबूलाल मरांडी के घर से दो बकरियां चुराकर आरोपी फरार हो गए थे।

आसपास के लोगों को जब इसकी जानकारी मिली, तो वे अलर्ट हो गए। करीब एक घंटे बाद, वही गिरोह बोटा के महतो टोला में दूसरी चोरी करने पहुंचा। यहां गुरुचरण महतो के घर से दो बकरियां चुराई जा रही थीं, लेकिन ग्रामीणों ने दोनों को बाइक पर सवार होते हुए पकड़ लिया।

ग्रामीणों ने इस घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी, हालांकि कुछ आक्रोशित ग्रामीण आरोपियों की पिटाई करना चाहते थे, लेकिन उन्हें ऐसा करने से रोक लिया गया। ग्रामीणों ने जागरूकता का परिचय दिया और घटना के आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया। बोड़ाम थाना प्रभारी मनोरंजन कुमार ने इस घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया है और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। साथ ही, फरार अन्य दो आरोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस द्वारा जब्त की गई बाइक • फोटोन न्यूज

सऊदी अरब में जमशेदपुर के युवक की मौत

JAMSHEDPUR : मानगो स्थित कबीर कॉलोनी के रहने वाले और कबीर मेमोरियल उर्दू स्कूल के पूर्व शिक्षक स्व. मुश्ताक अहमद के बेटे औसाफ अहमद (28) की सऊदी अरब में संदिग्ध हालात में मौत हो गई है। औसाफ का शव उनके कैंप से 15 किलोमीटर दूर मिला है। इस मामले में परिजन हत्या की आशंका जाहिर कर रहे हैं। मगर, पुलिस इसे आत्महत्या बता रही है। परिजनों ने सऊदी अरब की पुलिस से इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। औसाफ सऊदी अरब के अल-कासिम शहर में एक कंपनी में स्टोरकीपर था। परिजनों ने बताया कि उसने 21 फरवरी को सुबह में बात की थी, कहा था कि नमाज पढ़ने के बाद वह कॉल करेगा, लेकिन इसके बाद उनका कोई संपर्क नहीं हुआ।

मंत्री से की शिकायत, हिट एंड रन के पीड़ितों को नहीं मिल रहा मुआवजा

CHAIBASA : चाईबासा एवं अन्य मार्गों में जर्जर सड़क एवं गड्ढों के कारण आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं एवं हिट एंड रन के तहत पीड़ितों को मुआवजे की राशि नहीं मिल रही है। इसकी शिकायत सड़क सुरक्षा समिति के वरिष्ठ सदस्य अधिवक्ता राजाराम गुप्ता ने रविवार को परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा से की। मंत्री के कार्यालय में हुई मुलाकात के दौरान गुप्ता ने मंत्री को बताया कि चाईबासा शहर से गुजरने वाले एनएच-75(ई) स्थित बड़ी बाजार डाउन मार्ग, गणेश मंदिर के समीप, एलआईसी कार्यालय के समीप (बगैर रेलिंग के खुले छोड़े गए गड्ढे) सदर अस्पताल के मुख्यद्वार के समीप के अलावा टुंगरी मार्ग पर गड्ढों के कारण आए दिन वाहन चालक गिर रहे हैं।

मंत्री दीपक बिरुवा को समस्या बताते राजाराम गुप्ता

कथा मंजरी में मनी निराला जयंती रीना गुप्ता की पुस्तक का हुआ विमोचन

JAMSHEDPUR : सिंहभूम जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन व तुलसी भवन द्वारा बिष्टुपुर स्थित संस्थान में रविवार को मासिक कथा मंजरी के साथ सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की जयंती मनाई गई। इसी बीच रीना गुप्ता 'श्रुति' रचित पुस्तक' नवगीतों की झंकार' का विमोचन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तुलसी भवन के न्यासी अरुण कुमार तिवारी व संचालन साहित्य समिति की रीना सिन्हा ने किया। निराला का साहित्यिक जीवन परिचय माधवी उपाध्याय ने विस्तार से प्रस्तुत किया। तत्पश्चात लोकार्पित पुस्तक पर पाठकीय प्रतिक्रिया प्रतिभा प्रसाद 'कुमकम' ने प्रस्तुत की। इससे पूर्व वसंत जमशेदपुरी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, जबकि स्वागत वक्तव्य तुलसी भवन के मानद महासचिव डॉ. प्रसेनजित तिवारी ने दिया। रचनाकार का परिचय डॉ. वीणा पांडेय 'भारती' व धन्यवाद ज्ञापन साहित्य समिति, तुलसी भवन के उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र झा ने किया।

पुस्तक का अनावरण करते अतिथि

जैम एट स्ट्रीट में खूब दिखा उल्लास

टिनप्लेट से नीलडीह गोलचक्कर तक फनगेम में डूबे रहे शहरवासी

PHOTON NEWS JSR : टाटा स्टील यूआईएसएल (पूर्व नाम जुस्को) ने टाटा पावर, जोजोबेड़ा के सहयोग से रविवार को जैम एट स्ट्रीट के तीसरे संस्करण का आयोजन किया। इसमें बच्चों-युवाओं से लेकर बड़े-बुजुर्ग तक ने उल्लासपूर्वक भाग लिया। आयोजन सुबह 6:30 बजे से शुरू हुआ, जिसमें सभी लोग गीत-संगीत, फनगेम आदि में डूबे रहे। इस दौरान विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें सभी आयु वर्ग के लिए बैडमिंटन, जुम्बा वर्कआउट, लाइव संगीत प्रदर्शन, बास्केटबॉल और कराटे प्रदर्शन, एडवेंचर स्पोर्ट्स, पेंटिंग गतिविधियां और अस्थायी टैटू स्टॉल भी आकर्षण के केंद्र बने। इसमें एक प्रमुख आकर्षण था जुम्बा डांस सत्र, जिसमें भाग लेने वालों ने अपनी ऊर्जा का पूरा इस्तेमाल किया और पूरे आयोजन में उत्साह का माहौल बनाए रखा।

कंपनी के अनुसार, आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में जमशेदपुर को पहले स्थान पर लाने के लिए शहरवासियों से स्वच्छता के बारे में उनका फीडबैक लेना था। टाटा पावर ने इस कार्यक्रम के जरिए समुदाय को स्वच्छता, स्थिरता और ऊर्जा संरक्षण की दिशा में जागरूक करने की कोशिश की। अनोखा धागा स्टाल में सशक्त महिला कारीगरों द्वारा बनाए गए हस्तनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी थी। इस स्टॉल में वैनिटी बैग, कुशन और नाइटवेयर जैसे जूट उत्पादों को प्रदर्शित किया गया, जिनमें जमशेदपुर और ओडिशा के हस्तशिल्प शामिल थे। इसका उद्देश्य महिला सशक्तीकरण और आर्थिक स्वावलंबन को बढ़ावा देना था।

टाटा स्टील के आयोजन का आनंद उठाते बच्चे • फोटोन न्यूज

विधायक सरयू राय सहित कई भाजपा व जदयू नेताओं ने सुनाए अपने-अपने संस्मरण

याद किए गए जनसंघ काल के नेता सच्चिदानंद राय

PHOTON NEWS JSR : जनसंघ काल से भाजपा तक सक्रिय रहे सच्चिदानंद राय का 82 वर्ष की आयु में 8 फरवरी को निधन हो गया था। उनकी स्मृति में जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने रविवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कराया। बिष्टुपुर स्थित परमहंस लक्ष्मीनाथ गोस्वामी मंदिर के हॉल में हुए कार्यक्रम में सरयू राय ने सच्चिदानंद राय को कार्यकर्ताओं के लिए किसी भी अधिकारी से लोहा लेने के लिए आगे रहने वाला पार्टी का बेहद समर्पित कार्यकर्ता बताया। उन्होंने कहा कि सच्चिदानंद राय जैसे बेहद सीनियर लीडर की सीख हमें जीवन में जरूर उतारनी चाहिए। बेशक वे आक्रामक प्रवृति के थे, लेकिन उनके लिए सबसे पहले संगठन था। वह संगठन के लिए पूर्णतः समर्पित थे। सरयू राय ने कहा कि सच्चिदानंद जी के साथ उन्हें काम करने का अवसर प्राप्त हुआ। वैसे उनके साथ काम करने वालों की जमशेदपुर में लंबी फौज है। मेरा उनसे परिचय 1974 के छात्र आंदोलन के समय हुआ था। जब पटना में बैठक होती तो मेरी उनसे बराबर भेंट होती थी। सच्चिदानंद राय में जुझारूपन था। वह अपनी बात बहुत प्रखरता से रखते थे। कई बार विरोधाभास हो जाता था, लेकिन विरोध के बावजूद यदि कोई निर्णय पार्टी की बैठक में ले लिया जाता, तो उसे लागू करने में वह आगे रहते थे। सच्चिदानंद बाबू बेशक शहर में रहते थे, लेकिन उन्हें अपना गांव बहुत प्यारा था।

श्रद्धासुमन अर्पित करते विधायक सरयू राय • फोटोन न्यूज

दुर्भाग्य है कि जिन्होंने पार्टी को सींचा, उनकी चर्चा नहीं होती

भाजपा के जिला मंत्री **राजीव सिंह सिंह** ने कहा कि वह राजनीति में हैं, लेकिन उन्हें सच्चिदानंद राय जी के बारे में जानकारी नहीं थी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिन नेताओं ने पार्टी को सींचा, उनके बारे में कभी चर्चा नहीं होती। भाजपा नेता **मेघलाल दूडू** ने बताया कि स्वर्गीय राय ने कार्यकताओं के लिए क्या-क्या किया। वरिष्ठ जदयू नेता **सुबोध श्रीवास्तव** ने कहा कि पुराने दौर में कार्यकताओं को पार्टी की पूंजी माना जाता था। जब किसी कार्यकर्ता पर अत्याचार होता था तब पूरा संगठन लड़ने-भिड़ने को तैयार रहता था। उन्होंने गोलुमरी केबुल टाउन में कई वर्ष पहले पुलिस के साथ हुए टकराव का वाकया भी साझा किया। भाजपा नेता **हरेंद्र पांडेय** ने कहा कि आज के नौजवानों को राजनीति करनी है तो मेहनत करें, गणेश परिक्रमा नहीं। सांसद प्रतिनिधि **चितरंजन वर्मा** ने सच्चिदानंद राय के साथ संगठन को गढने के लिए किए गए कार्यों को साझा किया और बताया कि ऐसे संगठन के सिपाही विरले ही मिलते हैं। वरीय भाजपा नेता **रामनारायण शर्मा** ने कहा कि आज संगठन पर कब्जा करने की मानसिकता हावी है। सरयू राय भले भाजपा में नहीं हैं, लेकिन उन्होंने सदैव भाजपा के ऐसे तमाम पुराने नेताओं का मान बढ़ाने का काम किया है। जमशेदपुर पूर्वी के लक्ष्मीनगर में स्थापित पूर्व विधायक दीनानाथ पांडेय का स्मारक इसका स्पष्ट उदाहरण है।

इन्होंने भी अर्पित किए श्रद्धासुमन

इससे पूर्व उपस्थित लोगों ने सच्चिदानंद राय के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में भाजपा नेता सतीश मिश्रा, धनुर्धारी सिंह, संजीव आचार्या, कुलविंदर सिंह पन्नू, ब्रजेश राय, झारखंड सैनिक संघ के पूर्व अध्यक्ष बिजय बहादुर सिंह, अवधेश्वर ठाकुर, मुकुल मिश्रा, धर्मेंद्र प्रसाद, नित्यानंद सिन्हा, अमरेंद्र पासवान, चंद्रमा पांडेय, अमित शर्मा, निर्मल सिंह, आकाश शाह, प्रकाश कोया, सुररंजन राय, दुर्गा राव, अमृता मिश्रा, अमरेश राय, गोल्डन पांडेय, सुनीता सिंह, प्रतिभा सिंह, राकेश पांडेय, मुकेश शर्मा, कन्हैया ओझा, शंकर रेड्डी, असीम पाठक आदि भी शामिल थे।

साल में सिर्फ एक बार खिलने वाला ये फूल बदल सकता है आपकी किस्मत

हिंदू धर्म में कई पेड़-पौधे पवित्र और पूजनीय माने जाते हैं. ऐसे पौधों में तुलसी, केला, एलोवेरा आदि शामिल हैं. हालांकि, बहुत कम लोग जानते हैं कि एलोवेरा का भी फूल भी होता है और ज्योतिष शास्त्र में एलोवेरा के पौधे और उसके फूल का बहुत महत्व है. आपको बता दें कि एलोवेरा के फूलों का खिलना बेहद सौभाग्यशाली माना जाता है.

एलोवेरा के फूल केवल अनुकूल मौसम की स्थिति में ही खिलते हैं. यदि आप चाहते हैं कि आपके घर में एलोवेरा के फूल खिले, तो इसे ऐसे स्थान पर उगाएं जहां पर्याप्त धूप मिले. इन पौधों और फूलों को सूर्य की रोशनी की बहुत आवश्यकता होती है. इसलिए इसे छायादार स्थानों पर नहीं रखना चाहिए. एलोवेरा के पौधे घर के अंदर भी उगाए जा सकते हैं. लेकिन, इनके घर के अंदर उगने वाले एलोवेरा में फूलों की तरह खिलने की संभावना नहीं होती है.

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार एलोवेरा के पौधे और उसके फूलों में भी कई गुण होते हैं. स्वास्थ्य लाभ के साथ-साथ आध्यात्मिक लाभ भी इससे मिलता है. आध्यात्मिक दृष्टि से ये फूल बहुत महत्वपूर्ण हैं. यदि एलोवेरा का पौधा नारंगी या लाल फूलों के साथ खिलता है तो इसे शुभ संकेत माना जाता है.

एलोवेरा के पौधों के कई स्वास्थ्य लाभ हैं. ये त्वचा और बालों के लिए अच्छे हैं. एलोवेरा जेल एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है. इसका उपयोग मधुमेह और पाचन समस्याओं सहित कई बीमारियों के इलाज के लिए दवा के रूप में किया जाता है. एलोवेरा के फूलों का उपयोग हर्बल चाय बनाने के लिए किया जाता है.

एलोवेरा जेल अपने अनेक गुणों के लिए प्रसिद्ध है. एलोवेरा को कई घरों में पारंपरिक औषधि माना जाता है और इससे संबंधित नुस्खे एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक साझा किए जाते हैं. इसमें कोई संदेह नहीं है कि एलोवेरा जेल विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर है, जो एक उपचार एजेंट के रूप में कार्य करता है. इसके अतिरिक्त, एलोवेरा जेल में पानी की मात्रा अधिक होती है, जो इसे हाइड्रेटर बनाती है.

ज्योतिषाचार्य राहुल डे का कहना है कि एलोवेरा के फूल में धन को आकर्षित करने की क्षमता होती है. इससे परिवार में सुख-समृद्धि आती है. परिवार के सदस्य प्रेम से भरे हुए हैं. जिनके घर में एलोवेरा का फूल उगता है उनकी आर्थिक समस्याएं दूर हो जाती हैं. क्योंकि इस फूल में धन को आकर्षित करने की प्रबल क्षमता होती है.

बता दें, हर एलोवेरा का पौधा खिलता नहीं है. एलोवेरा के पौधे तभी खिलते हैं जब उनकी अच्छी देखभाल की जाती है. आर्थिक लाभ के लिए एलोवेरा के फूलों को लाल कपड़े में लपेटकर अपने पूजा घर या जहां भी आप पैसे रखते हैं वहां रख दें. इससे आपकी वित्तीय स्थिति बेहतर होगी.

इस साल महाशिवरात्रि पर 60 साल बाद बनने जा रहा है दुर्लभ संयोग

विज्ञान हजारों वर्षों से शिव के अस्तित्व को समझने का प्रयास कर रहा है. जब भौतिकता का मोह समाप्त हो जाता है और ऐसी स्थिति आ जाती है कि इंद्रियां भी बेकार हो जाती हैं, उस स्थिति में शून्यता आकार ले लेती है और जब शून्यता भी अस्तित्वहीन हो जाती है तब वहां शिव प्रकट होते हैं. शिव शून्य से परे हैं, जब व्यक्ति भौतिक जीवन को त्यागकर सच्चे मन से ध्यान करता है तो शिव की प्राप्ति होती है. महाशिवरात्रि शिव के एक-आयामी और अलौकिक रूप को हर्षोल्लास के साथ मनाने का त्योहार है.

भगवान शिव से जुड़ी कुछ मान्यताएं बेहद प्रचलित

ज्योतिषाचार्य डॉ. अनीष व्यास ने बताया कि महाशिवरात्रि हिंदुओं का एक धार्मिक त्योहार है, जिसे हिंदू धर्म के प्रमुख देवता महादेव यानी भगवान शिव के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है. महाशिवरात्रि का त्योहार फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाया जाता है. इस दिन शिव भक्त और शिव में आस्था रखने वाले लोग व्रत रखते हैं और विशेष रूप से भगवान शिव की पूजा करते हैं. महाशिवरात्रि को लेकर भगवान शिव से जुड़ी कुछ मान्यताएं बहुत ज्यादा प्रचलित हैं. माना जाता है कि इस खास दिन पर भगवान शंकर आधी रात को ब्रह्मा के रुद्र रूप में अवतरित हुए थे.

तांडव और विवाह से जुड़ी मान्यताएं

ऐसी भी मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव ने तांडव कर अपनी तीसरी आंख खोली थी और इसी आंख की ज्वाला से ब्रह्मांड को नष्ट कर दिया था. इसके अलावा कई जगहों पर इस दिन को भगवान शिव के विवाह से भी जोड़ा जाता है और माना जाता है कि इस पावन दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था.

वैसे तो हर महीने में शिवरात्रि होती है, लेकिन फाल्गुन मास की कृष्ण चतुर्दशी को आने वाली इस शिवरात्रि का बहुत महत्व है, इसलिए इसे महाशिवरात्रि कहा जाता है. दरअसल महाशिवरात्रि भगवान भोलेनाथ की पूजा का पर्व है, जब धार्मिक लोग विधि-विधान से महादेव की पूजा करते हैं और उनसे आशीर्वाद प्राप्त करते हैं. इस दिन शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटते हैं, जो शिव के दर्शन और पूजन कर खुद को सौभाग्यशाली मानते हैं.

इस पवित्र वस्तुओं से करें भगवान शिव का अभिषेक

महाशिवरात्रि के दिन शिव की पूजा-अर्चना कर उनका विभिन्न पवित्र वस्तुओं से अभिषेक किया जाता है और बिल्वपत्र, धतूरा, अबीर, गुलाल, बेर, उम्बी आदि चढ़ाए जाते हैं. भगवान शिव को भांग बहुत प्रिय है, इसलिए कई लोग उन्हें भांग भी चढ़ाते हैं. पूरे दिन व्रत और पूजा करने के बाद शाम को फलाहार किया जाता है. महाशिवरात्रि को भगवान शिव की पूजा करने का सबसे बड़ा दिन माना जाता है. कहा जाता है कि अगर इस दिन भोले को प्रसन्न कर लिया जाए तो आपके सारे काम सफल होते हैं और सुख-समृद्धि आती है. भोले के भक्त शिवरात्रि के दिन कई तरह से भगवान शिव की पूजा करते हैं. शिव को प्रसन्न करने के लिए शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगती है, जो बेलपत्र और जल चढ़ाकर शिव का गुणगान करते हैं.

60 साल बाद महाशिवरात्रि बनने जा रहा है दुर्लभ संयोग

हर साल यह पर्व फाल्गुन माह में कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है. हिन्दू पंचांग के अनुसार, इस साल महाशिवरात्रि 26 फरवरी को मनाई जाएगी. महाशिवरात्रि फाल्गुन मास की चतुर्दशी तिथि 26 फरवरी, 2025 को सुबह 11:08 बजे से शुरू हो रही है और 27 फरवरी, 2025 को सुबह 08:54 बजे तक रहेगी. साल 2025 में महाशिवरात्रि के दिन एक दुर्लभ संयोग बनने जा रहा है. इस दिन कुंभ राशि में तीन ग्रहों की युति होगी. दरअसल, इस दिन कुंभ राशि में सूर्य, बुध और शनि एक साथ रहेंगे. साल 1965 में महाशिवरात्रि के दिन ऐसा ही संयोग बना था. इसके साथ ही 60 साल पहले महाशिवरात्रि के दिन चंद्रमा मकर राशि में था, इस बार भी चंद्रमा मकर राशि में रहेगा. इस दुर्लभ संयोग पर महाशिवरात्रि का आना बेहद खास माना जा रहा है.

महाशिवरात्रि के पावन अवसर इस तरह भोलेनाथ की कृपा पा सकते हैं.

शास्त्रों में कहा गया है कि इस दिन ज्योतिषीय उपाय करने से आपकी सभी परेशानियां समाप्त हो सकती हैं. महाशिवरात्रि के दिन महादेव और पार्वती की पूजा शुभ मुहूर्त में ही करनी चाहिए, तभी इसका फल मिलता है. इस दिन का हर पल अत्यंत शुभ होता है. इस दिन व्रत रखने से अविवाहित लड़कियों को मनचाहा पति मिलता है और विवाहित महिलाओं का वैधव्य दोष भी नष्ट होता है.

महाशिवरात्रि पर शिवलिंग की पूजा करने से कुंडली के नौ ग्रह दोष शांत होते हैं, खासकर चंद्रमा से होने वाले दोष जैसे मानसिक अशांति, माता के सुख और स्वास्थ्य में कमी, मित्रों से संबंध, मकान-वाहन के सुख में देरी, हृदय रोग, नेत्र विकार, चर्म-कुष्ठ रोग, सर्दी-खांसी, दमा रोग, खांसी-निमोनिया संबंधी रोग ठीक होते हैं और समाज में मान-सम्मान बढ़ता है.

शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाने से व्यापार में उन्नति होती है और सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ती है. भांग चढ़ाने से घर में अशांति, भूत बाधा और चिंताएं दूर होती हैं. मंदार पुष्प से नेत्र और हृदय रोग दूर रहते हैं.

शिवलिंग पर धतूरे के पुष्प और फल चढ़ाने से औषधियों और विषैले जीवों का खतरा समाप्त होता है. शमीपत्र चढ़ाने से शनि की साढ़ेसाती, मारकेश और अशुभ ग्रह गोचर से हानि नहीं होती. इसलिए श्री महाशिवरात्रि के प्रत्येक क्षण का सदुपयोग करें और शिव कृपा से तीनों प्रकार के कष्टों से मुक्ति पाएं.

ऐसे करें भगवान शिव की पूजा

महाशिवरात्रि पूजा विधि: शिवपुराण के अनुसार, भक्त को सुबह उठकर स्नान करके संध्या के नित्य कर्म से निवृत्त होकर माथे पर भस्म का तिलक लगाना चाहिए और गले में रुद्राक्ष की माला पहननी चाहिए, शिव मंदिर में जाकर शिवलिंग की पूजा करनी चाहिए और शिव को नमस्कार करना चाहिए. इसके बाद इस प्रकार भक्ति भाव से व्रत का संकल्प लेना चाहिए.

हल्दी का तिलक: शिवरात्रि पर भक्त मंदिर में भगवान शिव को हल्दी से तिलक लगाते हैं. वैसे भी हल्दी का प्रयोग लगभग हर धार्मिक कार्य में किया जाता है. लेकिन भगवान शिव को हल्दी नहीं चढ़ाई जाती. इसका कारण यह है कि हल्दी स्त्री प्रसाधन है और शास्त्रों के अनुसार शिवलिंग पुरुषत्व का प्रतीक है.

लाल फूल: आपने देखा होगा कि शिवरात्रि पर मंदिरों के बाहर खूब फूल बिकते हैं. लेकिन क्या आपने गौर किया है कि इन फूलों में लाल फूल नहीं होते. ज्यादातर गेंदा ही दिखाई देता है. ऐसा इसलिए क्योंकि भगवान शिव को लाल फूल नहीं चढ़ाए जाते. कहा जाता है कि सफेद फूल चढ़ाने से भगवान शिव जल्दी प्रसन्न होते हैं.

सिंदूर या कुमकुम: महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए सिंदूर या कुमकुम लगाती हैं. ऐसा कहा जाता है कि भगवान शिव को विघ्नहर्ता के रूप में जाना जाता है, इसलिए शिवलिंग पर सिंदूर या कुमकुम नहीं चढ़ाना चाहिए. इसके बजाय आप चंदन का इस्तेमाल कर सकते हैं. तांबे का लोटा: इस बार जब आप भगवान शिव को जल चढ़ाने जाएं तो तांबे या पीतल के लोटे का ही इस्तेमाल करें, स्टील या लोहे के लोटे का नहीं.

शंख बजाना शुभ: हिंदू धर्म में शंख को बहुत पवित्र माना जाता है. हर पूजा में इसे बजाना और इससे लोगों को जल देना बहुत शुभ माना जाता है. लेकिन ऐसा कहा जाता है कि शंख से शिवलिंग पर जल नहीं चढ़ाना चाहिए. ऐसा करना वर्जित माना जाता है.



सूर्य को अर्घ्य देते समय जल में डालें ये चीज, सोने जैसा चमक उठेगा भाग्य, मिलेगी तरक्की!

सनातन धर्म में सूर्य देव को प्रत्यक्ष देवता माना जाता है। वे जीवन के ऊर्जा स्रोत हैं और उनकी आराधना का विशेष महत्व है. माना जाता है कि सूर्य देव की नियमित पूजा करने से व्यक्ति को तेज, यश और सफलता की प्राप्ति होती है. सूर्य को जल अर्पित करना एक प्राचीन और शक्तिशाली उपाय है, जो व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद करता है.

लेकिन क्या आप जानते हैं कि सूर्य को जल देते समय यदि आप एक विशेष चीज़ को लोटे में डालकर अर्पित करें, तो आपका भाग्य सोने की तरह चमक उठेगा और आपको हर काम में तरक्की मिलेगी? आइए जानते हैं दिल्ली के मशहूर ज्योतिषाचार्य आशुतोष शर्मा से वो चमत्कारी चीज़ क्या है और इसे जल में डालने का सही तरीका क्या है

वो चमत्कारी चीज है: लाल चंदन

लाल चंदन को हिंदू धर्म में बहुत पवित्र माना जाता है. यह सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत है और इसे समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है. ऐसा माना जाता है कि लाल चंदन सूर्य देव को अत्यंत प्रिय है.

लाल चंदन डालकर सूर्य को जल अर्पित करने के फायदे

भाग्य में वृद्धि: लाल चंदन को जल में डालकर सूर्य को अर्पित करने से भाग्य चमक उठता है और दुर्भाग्य दूर होता है.

सफलता और तरक्की: यह उपाय आपको हर क्षेत्र में सफलता दिलाता है और आपके करियर में तरक्की के नए रास्ते खुलते हैं.

मान-सम्मान में वृद्धि: लाल चंदन यश, कीर्ति और मान-सम्मान का प्रतीक है. इसे जल में डालकर सूर्य को अर्पित करने से समाज में आपका सम्मान बढ़ता है.

नकारात्मक ऊर्जा का नाश: लाल चंदन नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने में सहायक होता है. इसे जल में डालकर सूर्य को अर्पित करने से आपके आसपास का वातावरण शुद्ध होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है.

आर्थिक समृद्धि: लाल चंदन धन और समृद्धि को आकर्षित करता है. इस उपाय को करने से आर्थिक परेशानियां दूर होती हैं और धन लाभ के योग बनते हैं.

सूर्य को जल अर्पित करने का सही तरीका

ब्रह्म मुहूर्त में उठें: सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र धारण करें.

तांबे का लोटा लें: जल अर्पित करने के लिए तांबे का लोटा सबसे उत्तम माना जाता है.

जल में लाल चंदन मिलाएं: लोटे में शुद्ध जल भरें और उसमें चुटकी भर लाल चंदन पाउडर मिलाएं.

सूर्य की ओर मुख करें: पूर्व दिशा की ओर मुख करके सूर्य देव को प्रणाम करें.

जल अर्पित करें: लोटे से धीरे-धीरे जल अर्पित करें और ॐ? सूर्याय नम:ॐ मंत्र का जाप करें.

अर्पित करते समय ध्यान रखें: जल की धारा आपके पैरों पर न गिरे.

प्रार्थना करें: सूर्य देव से अपने जीवन में सुख, समृद्धि और सफलता की प्रार्थना करें.

कुछ अन्य महत्वपूर्ण बातें

इस उपाय को नियमित रूप से करें.

श्रद्धा और विश्वास के साथ जल अर्पित करें.

तामसिक भोजन और नकारात्मक विचारों से दूर रहें.

मंगलवार को जरूर करें ये 3 काम, जीवनभर बनी रहेगी हनुमानजी की कृपा

हिंदू धर्म में सप्ताह के सातों दिन किसी न किसी देवी-देवता को समर्पित हैं. मंगलवार का दिन भगवान हनुमान की पूजा के लिए समर्पित है. कहा जाता है कि इस दिन जो व्यक्ति वज्रांगबली की पूजा करता है और उनका स्मरण करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं. इससे सभी कष्टों और आर्थिक तंगी से भी राहत मिलती है.

यदि आप लगातार किसी न किसी समस्या में फंसे रहते हैं. अगर आप जिस काम को शुरू करने की सोच रहे हैं उसमें आपको नुकसान हो रहा है, तो आपको मंगलवार के दिन हनुमान जी की पूजा से जुड़े कुछ उपाय जरूर करने की सलाह दी जाती है. ज्योतिषाचार्य के मुताबिक ऐसा करने से आपकी समस्या दूर हो सकती है.

ज्योतिष शास्त्र में मंगल ग्रह को बहुत सख्त बताया गया है. यदि कुंडली में मंगल की स्थिति शुभ हो तो जीवन में सकारात्मकता बनी रहती है और सुख-शांति और आर्थिक समस्याओं से मुक्ति मिलती है. लेकिन, यदि कुंडली में मंगल की स्थिति शुभ न हो तो जिंदगी में कई वजहों से समस्याएं आती रहती है. ऐसे में कुंडली में मंगल को मजबूत करने के लिए ज्योतिष शास्त्र में कुछ उपाय और युक्तियां बताई गई हैं. मंगलवार को सूर्यास्त के बाद एक इलायची, पांच लौंग और एक कपूर का टुकड़ा एक साथ लेकर इन्हें एक पात्र में रखकर जलाएं और पूरे घर में इसका धुंआ फैलाएं. पूरे घर में धुंआ फैलाते हुए %? हं हनुमते नम:% मंत्र का ग्यारह बार जाप जरूर करें. आप धुंआ दिखने के बाद भी इस मंत्र का जाप कर सकते हैं. इसके साथ ही आपके मन में जो भी इच्छा हो उसे व्यक्त करें. इसके बाद जली हुए राख को पानी में डालकर किसी भी गमले या फूल की कियारी में डाल दें. ऐसा लगातार तीन मंगलवार को करने से आपको बहुत अच्छे लाभ मिलेंगे.

बता दें, मंगलवार का दिन बजरंगबली की पूजा के लिए भी शुभ माना जाता है, अगर आपका प्रमोशन लंबे समय से रुका हुआ है या सैलरी नहीं बढ़ी है तो आप लड्डू दान करके भगवान हनुमान को प्रसन्न कर सकते हैं. मंगलवार के दिन हनुमान जी को प्रिय बेसन के लड्डू दान करने से आपके जीवन में अच्छे दिन आ सकते हैं. आप चाहें तो हर मंगलवार को हनुमान मंदिर जाकर उनके दर्शन कर सकते हैं.

विकसित हो भीड़ नियंत्रण का प्रभावी तंत्र

रमेश सर्राफ धमोरा

देश में भगदड़ में मरने वालों की सूची बहुत लंबी है। सभी को पता है कि जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित होगी वहां कभी भी भगदड़ मचने की स्थिति पैदा हो सकती है। मगर अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है जिससे भगदड़ की स्थिति ही उत्पन्न नहीं होने पाए। सरकारी भी भगदड़ होने के बाद उसको रोकने के ढोल पीट कर कुछ समय बाद शांत बैठ जाती है। मगर ऐसा कोई स्थाई तंत्र विकसित नहीं किया जाता है। जिससे भगदड़ की स्थिति होने से पहले ही सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट मिले और वह उन पर नियंत्रण कर सके।

देश में हम आए दिन भीड़ में भगदड़ मचने से कई लोगों के मरने की खबरें पढ़ते रहते हैं। हाल ही में महाकुंभ स्नान के दौरान प्रयागराज में भीड़ में भगदड़ के चलते 37 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। इस घटना के कुछ दिनों बाद ही नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वालों की भीड़ में अचानक भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही दुर्घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण व दुखद है।

देश में भगदड़ में मरने वालों की सूची बहुत लंबी है। सभी को पता है कि जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित होगी वहां कभी भी भगदड़ मचने की स्थिति पैदा हो सकती है। मगर अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है जिससे भगदड़ की स्थिति ही उत्पन्न नहीं होने पाए। सरकारी भी भगदड़ होने के बाद उसको रोकने के ढोल पीट कर कुछ समय बाद शांत बैठ जाती है। मगर ऐसा कोई स्थाई तंत्र विकसित नहीं किया जाता है। जिससे भगदड़ की स्थिति होने से पहले ही सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट मिले और वह उन पर नियंत्रण कर सके।

भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। भगदड़ प्रायः भीड़ भरे इलाको में किसी अफवाह के कारण भी पैदा हो सकती है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं एवं प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण भी यह आपदा पैदा होती है। इसमें संपत्ति से अधिक जान की क्षति होने की संभावना रहती है। भीड़ दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के वैश्विक डेटाबेस के मुताबिक सन 2000 के बाद से भारत में 50 से ज्यादा विनाशकारी सामूहिक समारोहों में दो हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई है। इन दुर्घटना को देखते हुए प्रभावी भीड़ प्रबंधन तंत्र विकसित करने की बहुत जरूरत महसूस की जा रही है। खासकर कुंभ जैसे बड़े आयोजनों में इसकी काफी जरूरत महसूस होती है।

भगदड़ बेहद खतरनाक और घातक स्थिति होती है। किसी भी जगह पर जब भीड़ उसकी क्षमता से अधिक हो जाती है और लोगों के पास निकलने का रास्ता नहीं होता है। भीड़ की वजह से लोगों को पैर रखने की जगह नहीं मिलती है। ऐसी स्थिति में किसी तरह की अफवाह या दुर्घटना होने पर भीड़ बेकाबू हो जाती है। इसे भीड़ में हलचल भी कहा जाता है। इसकी वजह से ही भगदड़ की स्थिति बनती है।

इसी तरह भीड़ में हलचल का मतलब भीड़ का बेतरतीब तरीके से एक से ज्यादा दिशाओं में एक ही समय में आगे बढ़ना है। ऐसे में लोगों को चलने के लिए जगह कम होती है वो एक-दूसरे के बीच दब जाते हैं। जब लोग एक-दूसरे से बहुत नजदीक होते हैं तो ह्यफोर्सेज का ट्रांसमिशनह्ल यानी बल का संचरण हो सकता है। इस फोर्स ट्रांसमिशन को आपने भी कभी न कभी तब महसूस किया होगा जब आप एक बहुत भीड़-भाड़ वाली किसी लाइन में खड़े हुए होंगे। जब पीछे से अचानक धक्का लगता है तो व्यक्ति खुद भी उस धक्के को अपने से आगे खड़े व्यक्ति को ट्रांसफर कर देते हैं। ऐसे में अपना संतुलन बनाए रखना और अपने पैरों पर खड़े रहना लोगों के लिए बहुत मुश्किल हो जाता है।

ये पहली बार नहीं था जब किसी धार्मिक कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मची हो। इसके पहले भी समय-समय पर भगदड़ मचने की खबरें सामने आती रही हैं। इन घटनाओं में कई लोगों की जान भी चली गई। 27 अगस्त 2003 महाराष्ट्र के नासिक जिले में कुंभ मेले में स्नान के दौरान भगदड़ मचने से 39 लोगों की मौत हो गई थी। 25 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में मंधारदेवी मंदिर में भगदड़ मच गई थी। जिसमें 340 से ज्यादा श्रद्धालु कुचले गए थे। 3 अगस्त 2008 हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में मची भगदड़ में 162 लोगों की मौत हो गई थी। 30 सितंबर 2008 राजस्थान के जोधपुर शहर में चामुंडा देवी मंदिर में मची भगदड़ में लगभग 250 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 4 मार्च 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ में 63 लोगों की मौत हो गई थी.।14 जनवरी 2011 को केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में सबरीमाला मंदिर में एक जीप की टक्कर से मची भगदड़ में 104 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 8 नवंबर 2011 को हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे हर की पौड़ी घाट पर मची भगदड़ में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई थी। 19 नवंबर 2012 को पटना में गंगा नदी पर छठ पूजा के दौरान एक अस्थायी पुल के ढह जाने से भगदड़ मच गई थी जिसमें 20 लोगों की मौत हो गयी थी।

13 अक्टूबर 2013 मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि के जश्न के दौरान भगदड़ मचने से 115 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। 3 अक्टूबर 2014 को दशहरे का जश्न समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में भगदड़ मच गई जिसमें 32 लोगों की मौत हो गई थी। 14 जुलाई 2015 को आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में पुष्करम उत्सव के पहले दिन गोदावरी नदी के तट पर भगदड़ मचने से 27 लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी। 1 जनवरी 2022 को जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में भगदड़ मचने से 12 लोगों की मौत हो गई थी। 31 मार्च 2023 को इंदौर शहर के एक मंदिर में रामनवमी के मौके पर एक प्राचीन बावड़ी के ऊपर बनी स्लैब के ढह जाने से 36 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी।

इसी तरह रेलवे स्टेशनों पर भी भगदड़ के कारण कई बड़ी दुर्घटना हो चुकी है। 28 सितंबर 2002 को लखनऊ में बसपा की रैली से वापस घर लौटते समय ट्रेन की छत पर चढ़ने से चार लोगों की करंट लगने से मौत हो गई थी। 13 नवंबर 2004 को नई दिल्ली स्टेशन पर छठ पूजा के दौरान बिहार जाने वाले ट्रेन का प्लेटफार्म अचानक बदलने से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए ओवरब्रिज पर मची भगदड़ में चार यात्रियों की मौत हुई थी। 03 अक्टूबर 2007 को मुगल सराय जंक्शन पर भगदड़ मचने के कारण 14 महिलाओं की मौत हो गई थी। 10 फरवरी 2013 को इलाहाबाद में कुंभ मेला के दौरान रेलवे जंक्शन पर भगदड़ मचने से 38 लोगों की मौत हो गई थी। 29 सितंबर 2017 के दिन मुंबई के एलफिंस्टन रेलवे स्टेशन में बने फुटओवर ब्रिज पर भगदड़ मचने के कारण 22 लोगों की मौत हुई थी। हमारे देश में आए दिन जगह-जगह बड़े-बड़े धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक व अन्य कई प्रकार के आयोजन होते रहते हैं। जिनमें हजारों-लाखों लोग शामिल होते हैं। ऐसे ही कार्यक्रमों में जरा सी लापरवाही भगदड़ का कारण बन सकती है। ऐसे में यदि कार्यक्रम के आयोजक सावधानी बरतते हुए भीड़ नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम करें तभी किसी तरह की दुर्घटना होने से बचा जा सकता है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन व प्रयागराज के महाकुंभ में भी जो भगदड़ की स्थिति पैदा हुई है उसमें प्रशासनिक चूक रही है। एक स्थान पर अधिक भीड़ इकट्ठी होने पर यदि प्रशासन के अधिकारी सतर्कता बढ़ाते तो ऐसी दुर्घटनाओं को टाला जा सकता था। आगे भी सरकार को चाहिए कि ऐसे किसी भी बड़े आयोजनों के लिए और अधिक पुख्ता व्यवस्था करें। देश में आपदा राहत बल को भी अधिक सशक्त किया जाये ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

संपादकीय

इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर

उप्र की योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आठ लाख करोड़. का सबसे बड़ा बजट पेश किया। इसकी खासियत इंफ्रास्ट्रक्चर, गरीब, युवाङ्क किसान, महिलाएं, धार्मिक पर्यटन रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने पर्यटन स्थलों के लिए 400 करोड़.रुपये प्रस्तावित किए। अयोध्या व मथुरा के लिए क्रमशः 150-125 करोड़.रुपये तथा नैमीषारण्य के लिए सौ करोड़.की व्यवस्था प्रस्तावित है। मलिन बस्तियों के विकास के लिए 400 करोड़.व अर्बन फ्लड़ स्टार्म वाटर ड्रेनेज योजना को हजार करोड़, स्मार्ट सिटी योजना को 450 करोड़, बेसहारा पशुओं के आश्रय के लिए 450 करोड़.रुपये का ऐलान किया। देश के अन्य राज्यों की खुद के कर प्राप्तियों में उप्र का अंश 2024-25 में 11.6प्र. रहा, जो महाराष्ट्र के बाद सर्वाधिक है। चूंकि जनवरी 24 से दिसम्बर 24 के दरम्यान राज्य में 65 करोड़.से ज्यादा पर्यटक आए। जिनमें विदेशी पर्यटकों की संख्या 14 लाख बताई जा रही है। इसी माह केवल महाकुंभ के दौरान प्रयागराज आने वालों की संख्या 54 करोड़. आंकी जा रही है। इस सबसे सरकार को होने प्राप्त वाले जीएसटी, राजस्व व अन्य करों का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। मंदिरों को चढने वाले चढावे में राम मंदिर तीसरे स्थान पर आ चुका है। ऊर्जा, लिंक-एक्सप्रेस-वे, सड़कों व पुलों के निर्माण के लिए बजट में विशेष प्रावधान करने के पीछे सरकार की मंशा आम नागरिक को प्रभावित करने की भी है। हालांकि कृत्रिम मेधा व साइबर सुरक्षा को 5 व 3 करोड़.रुपये देने के ऐलान ने स्पष्ट किया कि सरकार कुछ मामलों में सिर्फ खानापूर्ति कर रही है। इन आठ सालों में सड़कों की स्थिति बेहतर हुई है, मगर सरकार के पास वाहनों के लगातार बढ़ते दबाव व सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की कोई स्कीम नहीं है। सड़कों, एक्सप्रेस-वे, पुलों व मेट्रो के निर्माण के चलते शहरों/महानगरों की व्यवस्था चरमरा जाती है। शिक्षा-व्यवस्था, छात्रों व बेरोजगारों के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने के लिए सरकार को बेहतर कदम उठाने होंगे। हर सेक्टर को धन मुहैया कराने की आंकड़ेबाजी तो बस रवायत है। इसका असर निचले स्तर पर व्यावहारिक तौर पर नजर भी आना जरूरी है। ?

चिंतन-मनन

दुःखी होने की बजाय दुख का उपचार करें

लोगों से अपने सुना होगा कि संसार में दुःख ही दुःख है। असफलता मिलने पर कई बार आप भी यही सोचते होंगे, जबकि वास्तविकता इससे भिन्न है। संसार में दुःख इसलिए है क्योंकि संसार में सुख है। अगर सुख नहीं होता तो दुःख का अस्तित्व भी नहीं होता है। ईश्वर हमें दुःख की अनुभूति इसलिए करवाता है ताकि हम सुख का एहसास कर पाएं, सुख के महत्व को समझें। श्रीमद्भागवद् में कहा गया है कि हमारा हर कर्म सुख पाने के लिए होता है। इसके बावजूद भी जीवन में कई बार हमें दुःख और कष्ट की अनुभूति होती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि सुख और दुःख धूप-छांव एवं दिन और रात की तरह हैं। हम चाहें न चाहें दुःख को आना है। भगवान राम, श्री कृष्ण, बुध और महावीर को भी दुःख उठाना पड़ा। लेकिन इन महापुरूषों ने दुःख को गले लगाकर नहीं रखा बल्कि दुःख का उपचार किया।

दुःख रात के समान है। रात के अंधेरे को दूर करने के लिए सूर्य जिस तरह निरंतर प्रयास करता रहता है और नियत समय पर रात के अंधकार को पराजित करके दिन का प्रकाश ले आता है, इसी तरह हमें भी दुःख को दूर करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। दुःख से दुःखी होकर बैठने से दुःख और बढ़ता है लेकिन जब हम समाधान के लिए प्रयास करने लगते हैं तो दुःख का अंधेरा छंटने लगता है।

दुःख से हम जितना डरते हैं दुःख हमें उतना ही डराता है। अगर कोई यह सोचता है कि मृत्यु के बाद दुःख का अंत हो जाता है तो गरूड़ पुराण उसे जरूर पढ़ना चाहिए। गरूड़ पुराण में मृत्यु के बाद प्राप्त होने वाले कष्टों का वर्णन किया गया है। मृत्यु के बाद जीव को और भी कष्ट उठाना पड़ता है क्योंकि वहां तो शरीर भी नहीं होता है जिससे अपने दुःख का उपचार किया जा सकता है। सीता का हरण करके रावण ने राम को दुःख दिया। राम जी ने धैर्य से काम लिया और रावण जो उनके कष्ट का कारण था उसका पता लगाकर उसका अंत किया। पाण्डवों का सारा राज्य कौरवों ने छल से छीन लिया। पाण्डव अगर हाथ पर हाथ रखकर बैठ जाते और दुःख का उपचार नहीं करते तो इतिहास में उनकी वीरता और साहस का बखान नहीं मिलता। इसलिए दुःख से दुःखी होने की बजाय दुःख का उपचार करना चाहिए।

अश्लीलता एक बहाना, सोशल मीडिया पर है रोक लगाना



सनत जैन

डिजिटल सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर अश्लीलता और हिंसा दिखाए जाने की शिकायतों को लेकर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय जल्द ही सोशल मीडिया पर नकेल कसने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए सरकार नया कानून बनाने जा रही है। इस बार सरकार को कोर्ट का भी सहारा मिलने जा रहा है। रैना के यूट्यूब कार्यक्रम इंडियाज गोट लेटेंट में रणवीर इलाहाबदिया की अभद्र टिप्पणियों को लेकर देशभर में इस तरह के कार्यक्रमों पर रोक लगाने की बात की जा रही है। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर जिस तरह से अश्लील वीडियो अपलोड किए जा रहे हैं, उसको लेकर भी आम जनता में रोष है। यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायालय ने अश्लीलता और हिंसक वीडियो को रोकने के लिए केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। सरकार के लिए यह मौका है, जब सोशल मीडिया को नियंत्रित करने के लिए कानून को अपनी मनमर्जी से पास करा सकती है। इसके पहले भी सरकार द्वारा सोशल मीडिया पर सेंसरशिप लगाने के प्रयास किए गए थे। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर नियंत्रण को लेकर विरोध के कारण सरकार को तब सफलता नहीं मिली थी। अब खुद न्यायालय द्वारा सरकार से सोशल मीडिया के इस तरह के प्लेटफार्म पर कानून बनाने और उस पर नियंत्रण करने की बात

कही गई है। इससे केंद्र सरकार को एक नया मौका मिल गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यह मामला संसदीय समिति की ओर भेज कर समाज में बढ़ रही हिंसा, यूट्यूब, गूगल, इंस्टाग्राम, फेसबुक जैसे सोशल मीडिया के प्लेटफार्म के लिए कानून बनाने के लिए समिति से सलाह मांगी है। सोशल मीडिया के जरिए किस तरह से संवैधानिक अधिकारों का दुरुपयोग किया जा रहा है, इसको रोकने के लिए कानून में क्या प्रावधान किए जाएं? इसको लेकर सरकार का सूचना प्रसारण मंत्रालय सक्रिय हो गया है। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म में हो रहीं सरकार की आलोचनाओं तथा सोशल मीडिया में आम नागरिक पत्रकार बनकर वीडियो डालकर जो सत्य उजागर कर रहा है। इससे सरकार और प्रशासन की मुश्किलें बढ़ रही हैं। सरकार सोशल मीडिया पर सबको रोकना चाहती है। हाल ही में महाकुंभ और दिल्ली की रेलवे स्टेशन में जो भगदड़ की घटनाएं हुई हैं। नागरिकों ने घटना के जो वीडियो बनाए थे। वह सोशल मीडिया में डाल दिए। जिसके कारण केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और रेल मंत्रालय को आलोचनाओं का शिकार होना पड़ रहा है। जवाबदेही भी तय होने लगी है। पिछले एक दशक में इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया को सरकार ने पूरी तरह से अपने नियंत्रण में ले लिया है। सोशल मीडिया पर सरकार कोई नियंत्रण नहीं बना पा रही है। सरकार को लग रहा है, इससे अच्छा मौका दोबारा नहीं मिलेगा। इस समय सुप्रीम कोर्ट में रणवीर इलाहाबदिया की अवैध टिप्पणियों को लेकर जन मानस में रोष है। सुप्रीम कोर्ट भी नाराज है। ऐसी स्थिति मे सरकार जो कानून बनाने जा रही है, उसके बारे में कहा जा रहा है कि सरकार सोशल मीडिया में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को नियंत्रित करने के लिए, इस तरह के प्रावधान लेकर आ रही है। जिसमें नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सरकार के नियम और कानूनो के अधीन हो। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आम नागरिकों को नियंत्रित किया जा सके। सरकार की मर्जी से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर वही उपलब्ध हो जो सरकार चाहती है। बहरहाल इस बार रणवीर इलाहाबादियां ने डिजिटल प्लेटफॉर्म को नियंत्रित करने के लिए सरकार के लिए एक नया रास्ता खोल दिया है। सरकार को लगता है कि इस बार डिजिटल बिल को लेकर न्याय पालिका का संरक्षण सरकार को मिलेगा। जिस तरह से मैन स्ट्रीम मीडिया में सरकार के खिलाफ कुछ भी उजागर नहीं किया जाता है। मेन स्ट्रीम मीडिया पर सरकार ने पूरी तरह से नियंत्रण कर चुकी है। वही स्थिति आगे चलकर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म की ना हो जाए। यह आशंका गहराने लगी है। रेल मंत्रालय ने सोशल मीडिया एक्स और यूट्यूब पर जो वीडियो दिल्ली रेलवे स्टेशन की भगदड़ के हैं, उन्हें कानून व्यवस्था की स्थिति का आधार बनाकर वीडियो हटाने के निर्देश दिए हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर नकेल कसने के लिए केंद्र सरकार जो नया कानून लाने जा रही है। उसके लिए सभी को सजग रहने की जरूरत है। हुआ- हुआ, या कौवा कान ले गया, के चक्कर में कहीं हमारी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता समाप्त न हो जाए। इस बात पर ध्यान रखने और सजग रहने की जरूरत है।

वैश्विकी : ट्रंप का तूफानी एक महीना

डॉ. दिलीप चौबे

अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल को अभी केवल एक महीना हुआ है, लेकिन इसी अवधि में लगता है कि दुनिया में बहुत कुछ बदल गया है।

इस नये कार्यकाल की शुरूआत में ट्रंप प्रशासन ने जो फैसले किए हैं उससे अमेरिका की घरेलू राजनीति और अंतरराष्ट्रीय राजनीति का नक्शा बदल रहा है। सब कुछ इतनी तेज रफ्तार से हो रहा है कि अमेरिका के मित्र और सहयोगी देश सकते में हैं। विरोधी देश भी आशंका के साथ ट्रंप के अगले कदम का इंतजार कर रहे हैं।

पहले कार्यकाल की तुलना में इस बार ट्रंप के पास एक मजबूत कैबिनेट या टीम है। उन्होंने जिन लोगों को सहयोगी के रूप में चुना है उन्हें लेकर काफी विवाद की स्थिति रही। पहले यह लग रहा था कि राष्ट्रीय खुफिया प्रमुख के रूप में तुलसी गबार्ड और संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के प्रमुख के रूप में काश पटेल की नियुक्ति को सीनेट खारिज कर सकती है। इन सारे विरोध के बावजूद इन दोनों व्यक्तियों की नियुक्ति पर सीनेट की मुहर लग गई। यह कहा जा सकता है कि ट्रंप की विदेश नीति के निर्धारण में तुलसी गबार्ड की भूमिका महत्त्वपूर्ण होगी। तुलसी

बार-बार यह कह चुकी हैं कि ट्रंप शांति के पक्षधर राष्ट्रपति होंगे। वह नया युद्ध शुरू करने के बजाय मौजूद संघर्ष को समाप्त करने के लिए निर्णायक पहल करेंगे। यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने के लिए अमेरिका रूस के बीच वार्ता भी इसी लक्ष्य से प्रेरित है। इस संदर्भ में ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को लेकर जैसा उपहास किया हुआ वह उनकी चिर-परिचित शैली के अनुरूप है। लेकिन यह निश्चित है कि शुरू आती दौर में ही ट्रंप ने अपनी विदेश नीति के रूपरेखा तय कर दी है।

यदि यह जारी रही तो दुनिया पहले की तुलना में अधिक शांतिपूर्ण और स्थिरता वाली होगी। आश्चर्यजनक रूप से ट्रंप चीन के खिलाफ भी संयत रवैया अपनाए हुए हैं। अमेरिका में शक्तिशाली से सैन्य उद्योग और हथियारों के कारोबारी ट्रंप की नीतियों के संदर्भ में अपने नफा-नुकसान का लेखा-जोखा ले रहे हैं। वे ट्रंप को अपना रास्ता बदलने के लिए बाध्य कर सकेंगे या नहीं यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा। घरेलू मोर्चे पर हालात दुरुस्त करने की जिम्मेदारी काश पटेल पर है। उन्हें डोनाल्ड ट्रंप का बाहुबली माना जाता है। उनकी तुलना अभी से एफबीआई के ह्यसर्वशक्तिमानह्ल प्रमुख एडगर हूबर से की जा रही है। हूबर करीब 50 वर्षों तक खुफिया एजेंसी के प्रमुख रहे थे। उनके कार्यकाल के दौरान 6 राष्ट्रपति आए और गए। हूबर इतने शक्तिशाली थे कि राष्ट्रपति भी उनसे खौफ खाते थे। काश जैसे कम उम्र और कम अनुभवी व्यक्ति की तुलना हूबर से किया जाना बहुत कुछ बयां करता है। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता ही नहीं बल्कि रिपब्लिकन पार्टी के असंतुष्ट नेता भी काश पटेल से भयभीत हैं। इतना ही नहीं सीएनएन और वाशिंगटन पोस्ट जैसे मीडिया संस्थानों के नामी-गिरामी पत्रकार भी चिंतित हैं। काश पटेल पहले ही यह ऐलान कर चुके हैं कि ट्रंप के खिलाफ दुष्प्रचार करने वाले मीडिया संस्थानों और पत्रकारों की खबर ली जाएगी। लेकिन भारत के लिए काश की नियुक्ति एक अच्छी बात है। जेहादी और खालिस्तान समर्थक अमेरिका को सुरक्षित पनाहगाह के रूप में इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। गुरपतवंत सिंह पन्नू जैसे आतंकवादियों को नया ठिकाना ढूंढना होगा।

भारत की घरेलू राजनीति में विदेशी हस्तक्षेप के संबंध में ट्रंप के हालिया बयानों को लेकर राजनीतिक भूचाल सा आ गया है। एलन मस्क की अगवाई वाले सरकार दक्षता विभाग (डीओजीई) ने भारत की चुनाव प्रक्रिया में दखलअंदाजी करने के लिए करीब 180 करोड रु पये का आवंटन किए जाने का खुलासा किया है। ट्रंप ने यह चौंकाने वाला बयान दिया कि यह धनराशि मोदी के बजाय किसी अन्य व्यक्ति को चुनाव जिताने के लिए थी।

ट्रंप के इस बयान का प्रतिवाद करने के लिए अमेरिका की मीडिया में रिपोर्ट प्रकाशित की जा रही हैं। लेकिन ट्रंप बार-बार अपने इस बयान को दोहरा रहे हैं। ट्रंप ने यह भी कहा कि बांग्लादेश की राजनीति को प्रभावित करने के लिए करीब 3 करोड़ डॉलर निर्धारित किए गए। बांग्लादेश में क्या हुआ यह दुनिया के सामने है। विदेशी पैसे के बलबूते तीसरी दुनिया के देशों में अमेरिका ऐसा खेल खेलता रहा है। लगता है ट्रंप टीम इस पर विराम लगाना चाहती है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

Pick CEC & EC by consensus, not majority

The nation has a new Chief Election Commissioner (CEC) but we continue to grapple with an old controversy. The controversy acquires a new grist whenever it is time to appoint an election commissioner (EC) in the Election Commission of India.Earlier, in November 2022, an EC was appointed a day before the petitions on the subject of appointments were listed for hearing in the Supreme Court of India (SC). History has been repeated by the appointment of the CEC and an EC on February 17, 2025 as the case was listed for hearing on February 19 after it was adjourned on February 12.In March 2023, the SC asked a few tough questions and made some grave observations while ordering the government to legislate in keeping with the provision of Article 324 of the Constitution. As an interim measure, it constituted a committee comprising the Prime Minister (PM), the Leader of Opposition (LoP) and the Chief Justice of India (CJI). The committee would have been required to meet only in February 2024 when the first vacancy was scheduled to arise upon the retirement of an EC. In between, there were at least two sessions of Parliament, giving the government ample time to comply with the SC directions in getting a legislation through Parliament, making the SC-constituted committee "an ineffectual angel."This time, on February 19, the case has been adjourned, perhaps, for a month. The outcome seemed a foregone conclusion as the appointment was made under a valid law. Once the process was complete, there was little possibility of the court upturning the decision. It is unlikely that the SC will interfere with appointments that have been made as per provisions of an extant law. The appointments cannot be invalidated just because the petitioners find the provisions of the law disagreeable. The process might appear to be improper but it wasn't illegal.Now, the selection committee, whatever be its present or future composition, may not be required to meet unless there is an unforeseen exigency because there will be no need to make any appointment till July 2028 when an EC is scheduled to superannuate. However, that may not minimise the angst of the petitioners as the main bone of contention is the composition of the selection committee provided for in the law enacted in December 2023 in pursuance of the SC order. That is now under challenge.Let's look at the historical facts to examine the alleged impropriety. Article 324 of the Constitution, which vests the ECI with the power of "superintendence, direction and control of elections", also provides for its composition and the manner and terms of appointment of the ECs under 324 (2) and (5). The Constitution provided that the appointments shall be made by the President and shall be "subject to the provisions of any law made in that behalf by Parliament."

However, the system of appointment followed for 73 years worked without any specific law made under 324 (2). This process produced CECs known for their fierce autonomy and independence and ECs who exercised their independent judgement fearlessly while dealing with matters pertaining to those in power. The performance of the appointees was not necessarily influenced by the way they were appointed. The process may not always guarantee the product quality; people matter.

However, the SC saw the absence of any specific law on the subject as a "legislative vacuum" and used its power under Article 142 to prescribe guidelines "to govern the process of selection and removal of CEC and ECs, till the Legislature stepped in." It felt that the "legislative vacuum" gave the executive unbridled authority to choose functionaries whose neutrality and independence to hold free and fair election "is a sine qua non for upholding the democracy as enshrined in our Constitution." It ordered that "until the Parliament makes a law in consonance with Article 324(2)", the appointment of the CEC and ECs shall be made on the recommendations of a three-member committee comprising the PM, LoP and CJI.

Platform panic: When poor planning costs lives

Modern tech must play a bigger role in railway crowd management. AI and real-time data analytics can help predict passenger surges, allowing authorities to take preventive action.

